अजादी गुणवचनादेव (5-3-58)

तरप्तमपौ इष्ठन्नीयसुनौ चेति चतुर्षु प्रत्ययेषु यौ अजादी तौ गुणवचनादेव भवत इति सूत्रार्थः। यथा - पटीयान् लघीयान् पटिष्ठः लघिष्ठः। अस्मिन् सूत्रे गुणवचनेति पदेन आकडारसूत्रभाष्यरीत्या समस्तकृदन्ततद्धितान्तसर्वनामजातिसङ्ख्या-सञ्ज्ञाशब्दातिरिक्तशब्दो गृह्यते न तु यौगिकं गुणवचनम्।

स्थूलदूरयुवह्रस्वक्षिप्रक्षुद्राणां यणादिपरं पूर्वस्य च गुणः (6-4-153)

अनेन सूत्रेण स्थूल, दूर, युवन्, ह्रस्व, क्षिप्र, क्षुद्र इत्येतेषां यणादिपरं लुप्यते, पूर्वस्य च गुणः इष्ठादिषु इति लोपगुणौ विधीयेते। यथा-स्थविष्ठः, दविष्ठः, यविष्ठः, ह्रसिष्ठः, क्षेपिष्ठः, क्षोदिष्ठः। शब्दशास्त्रे गुणपदेन अदेङामपि ग्रहणम्, एवमेव आकडारसूत्रभाष्यानुगुणम् अथवा वोतो गुणवचनात् इति सूत्रस्थभाष्यानुगुणं पारिभाषिकगुणोऽपि उल्लिखितः। अस्मिन् सूत्रे यो गुणः विधीयमानः सो अदेङां बोधकः। तेन अ, ए, ओ इत्येतेषामुपस्थितिः। परञ्च स्थूलादीनां यौ इष्ठन्ईयसुन्-प्रत्ययौ विधीयेते कं निमित्तमादाय प्रवर्तेते इति जिज्ञासायाः विषयः। तदोच्यते - एषु आवयोर्वा अतिशयेन स्थूलः इति स्थविष्ठः, दविष्ठः, यविष्ठ इत्यादौ विधीयमानः इष्ठन्प्रत्ययः स्थूलादीनां गुणवचनत्वात् तेभ्यो अजादी गुणवचनादेव इत्यनेन विधीयते।

---

1. वै. सि.कौ. द्वितीयभागः, पृष्ठसंख्या - 36

क्षिप्रक्षुद्रावपि गुणवचनावेव। ननु युवशब्दस्यागुणवाचित्वेन कथं तत्र अजादी गुणवचनादेव इत्यनेन प्रत्यय इति चेत्- वचनात् अजादी इति बोध्यम्। वस्तुतः आकडारसूत्रभाष्यरीत्या युवशब्दोऽपि गुणवचन एव।अतः उदाहरणेषु यं निमित्तमादाय प्रत्ययौ विधीयेते तदस्ति शास्त्रीयगुण एव।

पूरणगुणसुहितार्थसदव्ययतव्यसमानाधिकरणेन (2-2-11)

अनेन सूत्रेण षष्ठीसमासस्य निषेधः क्रियते। अत्र सूत्रे गुणेति स्वरूपग्रहणं न भवति। नाप्यदेङाम्। गुणप्रतिषेधे यस्य गुणस्य हि भावादिवत् प्रवृत्तिनिमित्तमात्रस्य ग्रहणम्। नापि लोकप्रसिद्धस्य शुक्लादेरेव ग्रहणम्। कण्टकस्य तैक्ष्ण्यमित्यादेरपीष्टत्वात्। एवमेव अत्र आकडारसूत्रोक्तगुणवचनसञ्ज्ञानामपि तथा तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन इति सूत्रे च प्रपञ्चितानां गुणानां न ग्रहणम्। अपितु वोतो गुणवचनात् इति सूत्रोक्तः सत्त्वे निविशतेऽपैतीत्येतल्लक्षणलक्षितो गुणो गृह्यते। व्याख्यानात् वचनपदानुपादानात् सूत्रे अर्थग्रहणाच्च। व्याप्तिन्यायात् केवलगुणवाची गुणोपसर्जनद्रव्यवाची च गुणशब्देन गृह्यते इति भावः। अत्र ये केवलं गुणे गुणविशिष्टद्रव्ये च वर्तन्ते तेषामेव गुणानामत्रोपादानम्। केवलगुणवाची सन् यो गुणिबोधकः तत्प्रकृतिकभावप्रत्ययान्त-प्रतिपाद्यानां गुणपदेन ग्रहणम्, अर्थपदान्वयाच्च तद्बोधकशब्दमात्रग्रहणम्।

सर्वं गुणकात्स्न्यें (6-2-93)

सर्वशब्दः गुणकात्स्न्यें वर्तमानः अन्तोदात्तो भवति। यथा सर्वश्वेतः, सर्वकृष्णः। अत्र सूत्रेऽपि आकडारसूत्रोक्तस्य वोतो गुणवचनात् सूत्रोक्तस्य च गुणवाचकस्य ग्रहणं भवति न तु अदेङामथवा धर्मपरकगुणानाम्। यत्र गुणान्तरस्याभावस्तत्र गुणकात्स्न्यं भवति। गुणस्य सर्वत्रभावः गुणकात्स्न्यम् इत्यर्थः। सर्वश्वेत इत्यत्र शुक्लेन गुणेन सर्वावयवानां व्याप्तिः गम्यते। अत्र सूत्रे गुणपदाभावे सर्वं कात्स्न्यें इतीयता उच्यमाने सर्वसौवर्णः, सर्वराजत इत्यादौ अपि अन्तोदात्तः प्रसज्येत। सुवर्णस्य विकारः सौवर्णः, रजतस्य विकारः राजतः इत्यादौ नात्र गुणकात्स्न्यमपितु द्रव्यकात्स्न्यम्। विकारविषयमत्र कात्स्न्यं न गुणविषयम्। अतः आकडारसूत्रोक्तपारिभाषिकमेव गुणोऽत्र ग्राह्यः।

नञो गुणप्रतिषेधे सम्पाद्यर्हहितालमर्थास्तद्धिताः (6-2-155)

सम्पादि, अर्ह, हित, अलम् इत्येवमर्था ये तद्धितास्तदन्तान्युत्तरपदानि नञो गुणप्रतिषेधे वर्तमानात् पराण्यन्तोदात्तानि भवन्ति इति सूत्रार्थः। यथा - कर्णवेष्टकाभ्यां सम्पादि मुखं कार्णवेष्टकिकम्, न कर्णवेष्टकिकम् =अकार्णवेष्टकिकम्। अस्मिन् सूत्रे भिन्नोऽयं गुणः स्वीक्रियते। अयमभिप्रायः - तद्धितार्थः- कर्णवेष्टकाभ्यां सम्पादीत्येवमादिवाक्यार्थः। तत्र यत् प्रवृतिनिमित्तं तद्धितान्तस्य शब्दस्य तद्गुणः।

तद्धितार्थः= सम्पाद्यादिः, तस्य यत् प्रवृत्तिनिमित्तं सम्पादित्वादि स गुण इत्यर्थः। अत्र आदिशब्देन तदर्हत्वहितत्वादेः ग्रहणम्। एतादृशगुणप्रतिषेधे सूत्रमिदं प्रवर्तते। अत एव एतादृशगुणस्वीकारादेव गार्दभरथिकादन्योऽगार्दभरथिक इत्यत्र न गुणस्य प्रतिषेधः अपितु गुणिनः पुरुषस्य प्रतिषेधः। अत्र गार्दभरथिकादन्यत्र नञ् वर्तते, न तु गार्दभरथिकत्वस्य प्रतिषेधे पर्युदासत्वादस्य। किञ्च प्रसज्यप्रतिषेधे एव शास्त्रस्यास्य प्रवृत्तिः न तु पर्युदासे इति ध्वनयन् अगार्दभरथिक इति प्रत्युदाहरणम्। यथोक्तं वाक्यपदीये-

संसर्गभेदकं यद्यत् सव्यापारं प्रतीयते।
गुणत्वं परतन्त्रत्वात्तस्य शास्त्र उदाहृतम्[1]॥

संख्याया गुणस्य निमाने मयट् (5-2-47)

अनेन सूत्रेण मयट्प्रत्ययः विधीयते। गुणोऽत्र समानभागः समानावयववचन इत्यर्थः। गुणस्य इत्यत्र कर्मणि षष्ठी। निमाने = मेङ् प्रणिदाने इत्यस्मान्निपूर्वात् करणे ल्युटि, निमीयते क्रीयतेऽनेनेति निमानशब्दः, स च मूल्यवाची। निमाने वर्तमानात्संख्यावाचिनोऽस्येति अर्थे मयट्प्रत्ययो गुणस्य चेन्निमानं भवति। गुणशब्दोऽपि द्विगुणं त्रिगुणम् इत्युक्ते किञ्चिदपेक्ष्यमेवेति गुणशब्दः सापेक्षरूपमाचष्टे। गुणत्वमन्तरेण निमानस्य निमेयस्य च गुणत्वं नोपपद्यते इति सामर्थ्यान्निमानस्यापि गुणत्वं विज्ञायते। अथवा मध्यमणिन्यायेन गुणस्येति उभयान्वयि। तेन गुणकर्मकनिमाने वर्तमानात् गुणगतसङ्ख्यावाचकान्मयडित्यर्थः। एवं च निमानस्य निमेयस्य च भागरूपत्वे निमेयसङ्ख्यापेक्षया निमानसङ्ख्याया आधिक्ये च निमेयस्यैकत्वे चायं प्रत्यय इति बोध्यम्। तेन ऐको यवभागो निमानमस्य उदश्विद्भागस्येत्यत्र त्रयो यवानां भागा निमानमनयोरुदश्विद्भागयो इत्यत्र च न प्रवृत्तिः। अत्र सूत्रस्थगुणपदम् अवयववाचि वर्तते।

न गुणादयोऽवयवाः (6-2-173)

अनेन सूत्रेण बहुव्रीहौ अन्तोदात्तस्वरस्य निषेधः विधीयते। अत्र सूत्रे गुणपदं पारिभाषिकं नास्ति अपितु गुणादीत्यनेन गुणादिराकृतिगणो द्रष्टव्यः। अत्र गणे गुणाक्षरसूक्तध्यायेत्येवम्प्रकाराः अनेके शब्दाः पठिताः। अतः उत्तरपदार्थबहुत्वे यो बहुशब्दो तस्य बहोरुतरे गुणादयोऽवयववाचिनो बहुव्रीहौ नान्तोदात्ता भवन्ति इति सूत्रार्थः। यथा- बहुगुणा रज्जुः। बह्ववयवा इत्यर्थः।

1. वा.प. 3-5-1

विस्पष्टादीनि गुणवचनेषु (6-2-24)

अनेन सूत्रेण प्रकृतिस्वरः विधीयते। विस्पष्टादीनि इत्यत्र आदिपदेन विस्पष्टगणोऽवबुध्यते यस्मिन् गणे विस्पष्ट-विचित्र-व्यक्त-सम्पन्न-कटु-पण्डित-कुशल-चपल-निपुण-इत्येतानि शब्दानि पठितानि वर्तन्ते। एवम्प्रकारेण सूत्रार्थो भवति-विस्पष्टादीनि पूर्वपदानि गुणवचनेषूत्तरपदेषु प्रकृतिस्वराणि भवन्ति। यथा-विस्पष्टकटुकम्, विचित्रकटुकम्, व्यक्तलवणम्। अत्र सूत्रे विस्पष्टादयः शब्दाः प्रवृत्तिनिमित्तस्य विशेषणम्, न तु द्रव्यस्य। अयम्भावः विस्पष्टादयोऽत्र कटुकादेः शब्दस्य यत् प्रवृत्तिनिमित्तं कटुकत्वादि तस्य विशेषणम्, न तद्वतो द्रव्यस्य। कटुकम् इत्यत्र संज्ञायां कन् प्रत्ययः विधीयते। कटुकादिभिश्च शब्दैः गुणवत् द्रव्यमभिधीयते। अतः अत्रापि धर्मपरकगुणवचनपदम् इति ज्ञायते।

उपसंहारः

पाणिनीयसूत्रेषु प्रयुक्तगुणशब्दविमर्शनेन ज्ञायते यत् व्याकरणशास्त्रे क्वचित् शास्त्रीयगुणवाचकत्वेन, क्वचित् समस्तकृदन्ततद्धितान्तसर्वनामजातिसंख्याशब्दाति-रिक्तत्वेन, क्वचित् धर्मपरत्वेन, क्वचित् अवयववाचित्वेन, क्वचित् आकृतिगणत्वेन च गुणशब्दः प्रयुक्तः।

अनुशीलितग्रन्थसूची

1. व्याकरणमहाभाष्यम्, भाष्यप्रदीपोद्योतसमुल्लसितम्, संशोधकः - श्रीभार्गव शास्त्रीजोशी, प्रकाशकः -चौखम्बासंस्कृतप्रतिष्ठानम्
2. काशिकावृत्तिः - न्यासपदमञ्जरीभावबोधिनीसहिता, प्रकाशकः -तारा बुक् एजेन्सि, वाराणसी
3. वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी, बालमनोरमा-तत्त्वबोधिनीसहिता, प्रकाशकः-मोतिलालबनारसीदासः
4. तर्कसंग्रहः

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 15-16) ISSN : 0975-1769

संस्कृतशास्त्रे गणितविज्ञानम्

(Science of Mathematics in Sanskrit & Shastra)

-डा. रावूरि गायत्रीमुरलीकृष्णः

[शोधपत्रमिदं सस्कृतशास्त्रपरम्परायां गणितं कथं समाविष्टं वर्तते। गणितं कुतः आयातम् एतस्य च वर्तमानकालिकगणितेन साकं सम्बन्धः कीदृशो वर्तते एतत् सर्वं विवेचितम्॥ -सं०]

संस्कृतं संस्कृतेर्मूलं ज्ञानविज्ञानवारिधिः।

अनन्यशास्त्रसमन्वितमिदं भारतीयं विज्ञानं बहूनां विज्ञानानामाधारशिला इव राराष्टि। अस्यां भाषायां विद्यमानं विज्ञानं लौकिक-पारलौकिकज्ञानस्य वारिधिभूतं वरीवर्ति। शासनाच्छंशनाच्चैव शास्त्रमित्यभिधीयते इति आर्षोक्त्या शास्त्रं नाम न केवलं व्याकरणसाहित्यन्यायमीमांसादिकम् अपितु सर्वविधं विज्ञानं लोकहितैकरूपत्वम् उपदेशयुग् ज्ञानं शास्त्रशब्देनैव निगद्यते। भौतिकरसायनजन्तुशिल्पकृषिगणितज्योतिष-वृष्टिपर्यावरणभूगर्भायुर्वेदप्रबन्धनादीनि शास्त्राणि विज्ञानत्वेन अत्रैव जनिमलभन्त। अतः विज्ञानत्वेन संस्कृतस्य ईषत्स्वरूपनिरूपणमत्र क्रियते।

शास्त्रे गणितविज्ञानम् (Mathematics in the Shastras)

गणानां त्वा गणपतिगुं हवामहे इति मन्त्रोक्तदिशा भास्कराचार्यः, श्रीधराचार्यः, रामानुजः, कणादः इत्यादयः गणितस्य गणपतयःसंजाताः। तेषां मन्त्रद्रष्टृणामनुसन्धान-फलत्वेन भारतीयं गणितशास्त्रं सम्पूर्णे विश्वे नागानां मणिरिव मूर्ध्नि विराजते अथ चोक्तं वेदाङ्गज्योतिषे-

यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां गणितं मूर्धनि स्थितम्॥[1]

आधुनिकगणितशास्त्रस्य नामकरणं वेदेष्वपि प्रकारान्तरेण लभ्यते एव। यजुर्वेदतैत्तिरीयब्राह्मणे गणक-गण-गणपति-गणश्रि-गणिन-गण्यादिशब्दाः गणितशास्त्रार्थे

1. वेदाङ्गज्योतिषम्-याजुष्-4

एव प्रयुक्ताः। ऋग्वेदेव्रातंव्रातम् गणगणिति इति रूपेण प्रयुक्ताः। अथर्ववेदेनिधि-निधिपति-निधिपा इति शब्दैः गणितं परिगण्यते स्म। एवमेव वेदेषु छन्दसां रचनापि गणिताधारिता अस्ति। अत्र अक्षराणां गणनप्रक्रियया सह आङ्ग्लभाषायाः बैनरीप्रक्रियायाः (Binary System) इत्यस्यापि महत्त्वं विद्यते स्म यथा-

गायत्रीछन्दसि - 24 वर्णाः

अनुष्टुप्-छन्दसि - 32 वर्णाः

त्रिष्टुप्-छन्दसि - 44 वर्णाः

जगतीछन्दसि - 48 वर्णाः विद्यन्ते।

अतः वेदे शास्त्रे च प्रत्येकस्मिन् अङ्गे गणितीयप्रतीतिः विद्यते एव तस्मात् अस्मिन् संस्कृतं गणितशास्त्रस्य आधारशिला कथं भवतीतिनिरूप्यते।

क्षेत्रगणितम् अथवा ज्यामितिः (Geometry)

ज्यामितिः इति शब्दादेव अवतरितः Geometry इत्याङ्ग्लशब्दः। यस्य वर्णनं कल्पसूत्रेषु सुष्ठु निरूपितम्। तथैव क्षेत्रगणितस्य (Geometry) सिद्धान्तानां वर्णनं प्रामुख्येन कल्पसूत्रेषु प्रोक्तम्। क्षेत्रगणितं (Geometry) बीजगणितम् इति पृथग्पृथग्विभागः सर्वप्रथमं ब्रह्मगुप्तेन ब्रह्मस्फुटसिद्धान्तः इत्यस्मिन् ग्रन्थे विहितः। वेदोपनिषत्सु संख्यानां दशगुणोत्तरक्रमसंज्ञावर्णनम् इत्थं विहितम् -

एकम्	=	10^0	दश	=	10^1
शतम्	=	10^2	सहस्त्रम्	=	10^3
अयुतम्	=	10^4	नियुतम्	=	10^5
प्रयुतम्	=	10^6	कोटिः	=	10^7
अर्बुदम्	=	10^8	न्यर्बुदम्	=	10^9
खर्वः	=	10^{10}	निखर्वम्	=	10^{11}
महापद्म	=	10^{12}	शङ्खः	=	10^{13}
समुद्रम्	=	10^{14}	मध्यम्	=	10^{15}
अन्तः	=	10^{16}	परार्थम्	=	10^{17}

उपर्युक्तगणना आधुनिकगणितज्ञैः उपयुज्यमानायाः दाशमिकप्रणाल्यन्तर्गततया-Binary Numbering System इति कथ्यते। अत्र परीर्थ इत्यस्य लेखनमित्थं स्यात्-10000000000000000। अस्य आङ्ग्लभाषायां साक्षात् शब्दःन विद्यते इत्यवगन्तव्यम्।

अत्र प्रश्नः एष उदेति यत् अतिप्राचीने भारते परार्थस्य गणनायाः अवसरः किमर्थं संजातः इति।

अङ्कानां गुणधर्मः

भास्कराचार्येण लिखिते लीलावतीत्याख्ये ग्रन्थे अङ्कानां गुणधर्मः लिखितः अस्ति। अस्य ग्रन्थस्यानुसारेण अङ्कानां गुणधर्मविषये इदमेव ज्ञातं यतद् अङ्कानां वामतो गतिः भवतीति। यथा- 1,46,22,37,800 इयं संख्या लिखिता। यथा-ख -0 अष्ट-8, मुनि- 7, राम-3, अश्वि-4, नेत्र-2, ऋतु-6, शर-5 रात्रिपः-1 इत्यादिरूपेण गणना क्रियते स्म।आर्यभट्टीयग्रन्थे आर्यभट्टीयपद्धत्यनुसारेण अङ्कानां लेखनप्रक्रिया क्रिष्टाब्धेः 476 मध्ये एव सुस्पष्टीकृता यत् -

वर्गाक्षराणि वर्गे अवर्गे अवर्गाक्षराणि कात्ङ्मौ यस्।
खद्विनवके स्वरास्नव वर्गेऽवर्गे नवान्त्यवर्गे वा॥[1]

अर्थात् अस्य सूत्रस्य व्याख्या इत्थं कर्तु शक्या -'क' वर्गतः 'प' वर्गपर्यन्तम् अथवा क ख ग ..... म पर्यन्तं 25 अक्षराणि क्रमेण भवन्ति। तेषामक्षराणां लेखनं 1 तः 25 पर्यन्तं यथाक्रमं योजनीयम्। अवर्गाक्षराणि'य' प्रभृति 'ह' पर्यन्तं क्रमेण- य-30, र-40, ल-50, व-60, श-70 ष-80, स-90, ह-100 भवन्ति। अनेन अवगम्यते केवलाक्षरैः गणितस्य Coding अथवा De&coding प्रक्रिया प्रोक्ता इति। अस्य कः अवसरः इति पृष्टे सति इदमवधेयं यत् मनोविज्ञानानुगुणं सामान्यबुद्धिमतां संख्यायाः स्मरणक्षमता अधिकतया 10 पर्यन्तं भवति। उदाहरणार्थं स्वकीयदूरवाणीसंख्या यदि उच्यते चेत् 10 अङ्कपरिमितं स्मर्तुं शक्नुयुः। ततोप्यधिकं चेत् सुलभतया ग्रहणं न सम्भवति। परं यत्र विभिन्नसंख्याः भिन्नरीत्या प्रोक्ताश्चेत् सुतरां स्मर्तुमसर्थाः भवेम। यथा भारते स्वस्य आधारसंख्यां कति वा स्मरेयुः। अतः अत्यन्तसरलतया संख्यां स्मर्तुं भारतीयैः अयं क्रमः निर्धारितः। एतस्याः क्रमस्य नामैव कटपयादिसंख्याक्रमः।

गणितशास्त्रे कटपयादिपध्दतिः

नञावचश्च शून्यानि सङ्ख्याकटपयादयः।
मिश्रे तूपान्त्यहल् सङ्ख्या न च चिन्त्यो हलस्वरः॥[2]

---

1. आर्यभटीयम्-दशगीतिका-पादम्- 1 श्लोकः- 2
2. शंकरवर्मणा रचितं सद्रत्नमाला

कटपयादि संख्या - ka Tapay Adi for Melakarta Ragam Names & Numbers

1	2	3	4	5	6	7	8	9	0
क	ख	ग	घ	ङ्	च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण	त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म					
य	र	ल	व	श	ष	स	ह		
ka	kha	ga	gha	nga	cha	Cha	ja	Jha	nya
Ta	Tha	Da	Dha	Na	ta	tha	da	dha	na
pa	pha	ba	bha	ma					
ya	ra	la	va	sha	Sha	sa	ha		

अर्थात् एतेषां संख्यानां गणना पदसमूहाधारिता निश्चीयते। यथा -

अमुं कटपयादिसंख्याक्रममनुसृत्य Decoding कथं कर्तुं शक्नुमः इति एकं शास्त्रीयं उदाहरणमत्र प्रस्तूयते -

गोपीभाग्यमधुव्रात शृङ्गिशो दधिसन्धिग।
खलजीवितखतावा गलहालारसन्धर॥

अत्र साक्षात् दर्शने कृष्णस्य वर्णनमिति भाति। यथा "O Lord anointed with the yoghurt of the milkmaids' worship (Krishna), O savior of the fallen, O master of Shiva, please protect me-" किन्तु अस्मिन् श्लोके पै इत्यस्य 31 पर्यन्तम् अंकानां (Digits) सिद्धिः जायते। कटपयादिसंख्याक्रमानुगुणं श्लोके विद्यमानं प्रत्येकम् अक्षरं संख्यारूपेण विपरिणमय्य इत्थं संख्यां साधयितुं शक्नुमः। गो-3, पी-1, भा-4, ग्य (य)-1, म -5, धु-9, व्र(र)-2, त-6 ... = 3.14159265358979323846264338327 92 इति पै मूल्यं लभ्यते।

अन्यदेकमुदाहरणं ज्योतिषच्छात्राणां कृते ग्रहाणां महादशा तथा वर्षाणि ज्ञातुं श्लोकः अयमुपयुज्यते -

इन1शशि2कुज3राहु4जीव5मन्द6ज्ञ7केतु8र्भृगुज9इति नवानां

कृत्तिकादिक्रमेण। तनु10 नय11सिनु12 जाया13 तोय14 धाया15 सटा16 सा17 नर18इति विदुरब्दान् भास्करादिक्रमेण।।

अर्थात् कृत्तिकादिनक्षत्रेण ग्रहमहादशाः क्रमेण इत्थं भवन्ति - 1 आदित्यस्य, 2 चन्द्रस्य, 3 भौमस्य, 4 राहोः, 5 गुरोः, 6 शनैश्चरस्य, 7 बुधस्य, 8 केतोः, 9 शुक्रस्य महादशाः भवन्ति। तेषां ग्रहाणां विंशोत्तरीदशावर्षाणि आदित्यतः क्रमशः त-6, नु-0 अर्थात् 06 (अङ्कानां वामतोगतिः), न-0, य-1, अर्थात् 10, सिनु - 07, जाया - 18, तोय - 16, धाया - 19, सटा - 17, सा - 7, नर - 20 भवन्ति।

एवमेव ऋग्वेदे रेखागणितस्य/ज्यामितेः (Geometry)अनेकानेकगुण-धर्माः प्रोक्ताः। ये रेखागणितस्य पारिभाषिकशब्दैः ज्ञायन्ते। यथा -

कासीत् परमा परतिमा किं निदानम्
आज्यं किमासीत्परिधिः क आसीत्।।
छन्दः किमासीत परौगं किमुक्तं
यद देवा देवमयजन्त विश्वे।।[1]

अत्र परौगम् इति पदं शुल्बसूत्रेषु समद्विबाहुत्रिभुजस्य कृते प्रयुक्तम् अभवत्। गणितशास्त्रे परिधिः (Circumference) व्यासः (Diameter)च π (Pie) इत्यस्य मानं परिगणयति। यथा -

त्रितः कूपेऽवहितो देवान्हवत् ऊतये।
तच्छुश्राव बृहस्पतिः कृण्वन्नहूरणादुरु
वित्तं मे अस्य रोदसी।।[2]

वृत्तस्य (Circle) परिधि-व्यासयोः अन्तस्सम्बन्धः

आर्यभट्टमहोदयेन 476 तमे वर्षे आर्यभटीयगणितपादे वृत्तस्य (Circle) परिधि-व्यासयोः अन्तस्सम्बन्धविषये (Relation Between Circumference & Diameter of Circle) अतिसूक्ष्मं सार्वभौमिकं च मानं प्रस्तुतम्। यथा -

(π) इत्यस्य मानम् =वृत्तस्य परिधिः ÷ वृत्तस्य व्यासः

यदा वृत्तस्य परिधिः = 104 x 8+ 62,000 = 62,832 एवं वृत्तस्य व्यासः = 20,000 तदा 'पै' (π) = 62,832 ÷ 20,000 = 3.146 भवतीति निरूपितम्।

'π'= 22/7 इति परिधेःगुणनं क्रियते चेत् तदनन्तरं शेषम् अवशिष्टं भवति।

1. ऋग्वेदः- मण्डलम्-10 सूक्तम्- 130 मन्त्रः- 3
2. ऋग्वेदः- मण्डलम्- 1 सूक्तम्- 105 मन्त्रः- 17

अत्र अन्तं नास्ति। अतः 'चश्अपरिमेया (Irrational Number) संख्या भवति। नीलकण्ठोऽपि अब्रवीत् यत् 'पै' (π) एका विशिष्टा अपरिमेया संख्या (Irrational Number) इति। भारतीयगणितज्ञेन भास्कराचार्येण प्रणीते लीलावतीत्याख्ये ग्रन्थे 'पै' (π) इत्यस्य विशिष्टमानम् 22/7=3.1416 इति प्रदत्तम्। भास्कराराचार्यः द्वितीयः (1114 ई.) 'पै' (π) इत्यस्य स्थूलसूक्ष्मद्वयोः मानं प्रादात् यत् -

व्यासे भनन्दाग्नि (3927), हते विभक्ते,
खबाणसूर्यैः (1250), परिधिस्तु सूक्ष्मः।
द्वाविंशतिः (22), घ्ने विह्रतेऽथ शैलैः (7),
स्थूलोऽथवा स्याद् व्यवहारयोग्यः॥[1]

उपरोक्तश्लोके व्यासे भनन्दाग्नि = 3927, खबाणसूर्यैः = 1250, विह्रतेऽथ शैलैः =7,घ्ने = 22 इति प्रक्रियानुगुणमभिज्ञायते यत् 'पै' (π) इत्यस्य सूक्ष्ममानं प्रदत्तमिति। भास्कराचार्यमहोदयेन वृत्तस्य व्यासात् वृत्तस्य परिधिं (Circumference of Circle) व्यासं (Diameter) च गणयितुं सूत्रं प्रस्तुतम्। अतः प्राचीनभारतीयशास्त्रेषु भारतीयगणितशास्त्रदर्शनानां विशिष्टप्रतिमानानि (Model) प्रदत्तानीति अभिज्ञायते। यत्र बोधायनः, कात्यायनः,आपस्तम्बश्च गणितस्य नैकरहस्यमयान् आविष्कारान् कृतवन्तः।

शास्त्रे प्रथितः पाइथागोरसप्रमेयः (Pythagorean Theorem)

वैदिककाले अपि गणितशास्त्रस्य वास्तिकस्वरूपं शुल्वसूत्रेषु वेदाङ्गेषु कल्पसूत्रेषु च वर्तते। शास्त्रे शुल्वःनामयज्ञपीठमापकसूत्रम्। आधुनिके काले 'पाइथागोरस' (Pythagorean Theorem) नाम्ना प्रसिद्धं वर्तते। यः सिद्धान्तः सुप्रसिद्धरेखागणितज्ञेन बोधायन-पाइथागोरसमहोदयेनैव प्रतिपादितः। यथा -

(क) यत्र एकस्य दीर्घचतुरस्रस्य कर्णेन जनितचतुरस्रवैशाल्यम् तदीयैः असमभुजैः जनितयोः द्वयोः चतुरस्रवैशाल्ययोः समूहस्य समानम् इति।

(ख) रेखागणितस्य प्रसिद्धवर्गाधारितस्य विशालकोणत्रिभुजस्य कर्णे त्रिभुजविनिर्मितानां वर्गाणां प्रमेयः इति पाइथागोरससिद्धान्तः। एतदेव शास्त्रानुगुणं सूच्यते यत् -

दीर्घचतुरश्रस्याक्ष्या रज्जुः पार्श्वमानी,
तिर्यग्मानी च यत् पृथग्भूते कुरुतः।
तदुभयं करोतीति क्षेत्रज्ञानम्॥[2]

उपसंहारः- भारतीयं भौतिकविज्ञानमत्यन्तं सूक्ष्मरूपात्मकं विद्यते यत्र परार्थः,

1. लीलावती-क्षेत्रव्यवहार-श्लोकः- 98
2. बोधायनशुल्बसूत्रम्-अध्यायः-1 श्लोकः- 48

कला, क्षणमित्यादीनामतिबृहद्व्यापनानामुल्लेखेन सह अतिसूक्ष्मविभागानां गणना अपि कृता विद्यते तत्र तेषां प्रयोगः किमर्थं कुत्र विहितः इति प्रश्नार्थकः विषयः विद्यते। मध्ये बहूनां ग्रन्थानां लुप्तताया: कारणतः तथा भारतीभाषायाः वैविध्यकारणतः कामपि कूटभाषा (code language) भारतीयैः लुप्ता इति भाति। यावद् वयं वेदकाले आविष्कृतानां विभिन्नप्रकारकगणितभौतिकविज्ञानांशानामाविष्कारस्य मूलकारणं किमिति न जानीमः तावत् पर्यन्तं भारती भाषारूपेणैव भाति। यदा कूटभञ्जनं भवति तदा भारती भा रती भूत्वा भारते भातीति ब्रूमः।

सन्दर्भग्रन्थसूची -

1. वेदों में विज्ञान (2000), डा. कपिलदेवद्विवेदी, विश्वभारती अनुसन्धान परिषद्, ज्ञानपुर (भदोही), उ.प्र. - 221304.
2. Science & Technology in Indian through the Ages (2003), Academy of Sanskrit Research, Melkote, Karnataka.
3. Planet Earth & A visual fact finder (1993), MichaelAllaby and Neil Curties, Kingfisher Books, Grisewood & Dempsey Ltd- Esley House, 24&30 Great Titchfield Street, London.
4. History of Science & Technology (1990), G. Kuppuran & K-Kumadani, Sandeep Prakashan, New Delhi-
5. Samskritavanmaye Vijnanam (1999), Shrikrishna Somavalah, Delhi Samskriuta Academy, New Delhi,
6. प्रसिद्धशास्त्रविदुषां शास्त्राधिगमे मनोवैज्ञानिककारकाणामध्ययनम् (2013), K.N.S. Ramam, Research Thesis, R.S. Vidyapeeth, Tirupati.

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 15-16) ISSN : 0975-1769

अचिन्त्यभेदाभेदवाद : एक विमर्श

- डॉ. अंजना शर्मा
सहाचार्या, वनस्थली विद्यापीठ,
राजस्थान-304022

[दार्शनिकक्षेत्रे अनेके वादाः सन्ति, तेषु वादेषु प्रस्तुतोऽयं अचिन्त्य-भेदाभदेवादः श्रीकृष्णचैतन्यमहाप्रभुणा प्रतिपादितः। वादोऽयं प्राचीनेभ्य वादेभ्यः भिन्नो वर्तते। अस्मिन् श्रीकृष्ण एव जगन्नियन्ता वर्तते तेन साकं संसारस्य सम्बन्धः कीदृशः इति विषयो चर्चितोऽत्र। -सं०]

वैष्णव वेदान्त में ब्रह्म, जीव और जगत्-तत्त्वत्रय मान्य हैं। किन्तु इनका स्वरूप और इनमें परस्पर सम्बन्ध गंभीर चिन्तन का विषय रहा है। आचार्यों ने अपनी-अपनी दृष्टि से इस विषय का चिन्तन कर मत प्रस्तुत किए हैं। जैसे रामानुजाचार्य ने विशिष्टाद्वैतवाद, भास्कराचार्य ने औपाधिक भेदाभेदवाद, निम्बार्काचार्य ने स्वाभाविक भेदाभेदवाद और वल्लभाचार्य ने शुद्धाद्वैतवाद। इसी क्रम में श्रीकृष्णचौतन्य महाप्रभु द्वारा प्रतिपादित अचिन्त्यभेदाभेदवाद अद्वितीय सिद्धान्त है। यह सिद्धान्त पूर्वकथित सिद्धान्तों से भिन्न नवीन दृष्टि से ब्रह्म, जीव-जगत् का स्वरूप और उनमें परस्पर सम्बन्ध की व्याख्या करता है। अतः इस सिद्धान्त का स्वरूप और इसकी अन्य सिद्धान्तों से भिन्नता स्पष्ट करना शोधपत्र का विषय है।

अचिन्त्यभेदाभेदवाद श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभु द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त है। इनका समय सन् 1486 से सन् 1533 है।[1] इन्होंने मौखिक रूप से अपने अनुयायियों के समक्ष इस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया, जिसका उल्लेख कृष्णदास कविराज गोस्वामी ने अपने चैतन्य चरितामृत ग्रन्थ में किया है। तदनन्तर इनके अनुयायी दार्शनिकपण्डितधुरन्धर जीवगोस्वामी ने अपने षट्सन्दर्भ और सर्वसंवादिनी नामक दार्शनिक ग्रन्थों के माध्यम से इस सिद्धान्त को सुदृढ़

---

1. द अर्ली हिस्ट्री ऑफ द वैष्णव फेथ एण्ड मूवमेण्ट इन बंगाल, सुशील कुमार डे, पृ. 107, कलकत्ता।

दार्शनिक भित्ति पर प्रतिष्ठित किया। अतः इन ग्रन्थों के द्वारा ही अचिन्त्यभेदाभेदवाद का स्वरूप ज्ञेय है।

अचिन्त्यभेदाभेदवाद का स्वरूप-

अचिन्त्यभेदाभेदवाद के अनुसार परब्रह्म श्री कृष्ण और जीव जगत् में अचिन्त्यभेदाभेद सम्बन्ध है। परब्रह्म श्रीकृष्ण की शक्ति के रूप में जीव जगत् आदि की प्रतिष्ठा है। इनमें परस्पर भेद और अभेद दोनों हैं। जीवगोस्वामीपाद कहते हैं कि भगवान् में उनकी स्वरूपादि शक्तियों से अभिन्न रूप से चिन्तन करना अशक्य है। अतः वह भिन्न प्रतीत होता है। उनसे भिन्न रूप में चिन्तन करना अशक्य है, फलतः वह अभिन्न प्रतीत होता है। इस प्रकार शक्तिमान् (भगवान्) और शक्ति (स्वरूपादि) में भेद और अभेद-दोनों सिद्ध होते हैं।[1] ये दोनों भेद और अभेद अचिन्त्य शक्ति के कारण अचिन्त्य हैं।[2] शक्ति के अचिन्त्यत्व से तात्पर्य है- असंभव को संभव करना' - 'दुर्घटघटकत्वं हि अचिन्त्यत्वं।"[3] "अचिन्त्य वह है, जिसे अपरिहार्यतः तथ्यों की व्याख्या के हेतु स्वीकार करना पड़ता है, परन्तु जो तर्क की संवीक्षा सहन नहीं कर सकता है।[4] अचिन्त्य वह है, जो भिन्न है अथवा अभिन्न है - इस प्रकार विकल्प रूप में जिसका चिन्तन अशक्य है, जो केवल अर्थापत्ति प्रमाणगोचर है।[5] इस प्रकार अचिन्त्य के कारण शक्ति असम्भावयित्री और दुस्तर्का है। इस अचिन्त्य शक्ति से युक्त होने के कारण भेद और अभेद दोनों अचिन्त्य हैं। अतः यह भेदाभेद अचिन्त्यभेदाभेदवाद कहलाता है।

अचिन्त्यभेदाभेद का सिद्धान्त व्यापक सिद्धान्त है। यह शक्तिमान् और शक्ति के सम्बन्ध की अद्‌भुत व्याख्या करता है। शक्ति, कार्योन्मुख शक्तिमान् का स्वरूप है, अन्यथा स्वतः स्वरूप का शक्तित्व नहीं है।[6] अतः शक्ति-शक्तिमान् से पृथक् नहीं है। वह अविच्छेद्य भाव से उसमें नित्य वर्तमान है। दोनों अभिन्न हैं। जैसे अग्नि में दाहिकाशक्ति और कस्तूरी में गन्ध। कार्योन्मुख अग्नि ही दाहिका

---

1. सर्वसंवादिनी, पृ. 33, जीवगोस्वामी, सम्पादक - कृष्णदास, मथुरा, संवत् 2022
2. उपर्युक्तवत्, पृ 146
3. भगवत्सन्दर्भ, पृ. 66, जीवगोस्वामी, सम्पादक - श्यामदास ब्रजगौरव प्रकाशन, वृन्दावन, सन् 1990
4. सर्वसंवादिनी, पृ. 55
5. उपर्युक्तवत्, पृ. 55
6. उपर्युक्तवत्, पृ. 32

शक्ति है और कार्योन्मुख कस्तूरी ही गन्ध है। शक्ति विशेषण है और शक्तिमान् विशेष्य है। विशेषण और विशेष्य मिलकर ही किसी वस्तु की सत्ता निर्धारित करते हैं। दोनों में अभिन्नता है। किन्तु कभी-कभी शक्ति का अनुभव न होने पर भी शक्तिमान् का अनुभव होता है। जैसे- मन्त्रादि के प्रभाव से किसी-किसी वस्तु की शक्तिमात्र स्तम्भित होती देखी जाती है, किन्तु वस्तु का अस्तित्व रहता है।[1] जैसे मन्त्र महौषधि के प्रभाव से अग्नि की दाहिका शक्ति स्तम्भित हो जाती है। विशेष औषधि लगा लेने से अग्नि में हाथ डालने पर भी हाथ नहीं जलता, किन्तु ऐसा होने पर भी अग्नि रहती है। इस प्रकार शक्ति का अनुभव न होने पर भी शक्तिमान् का अनुभव होता है। अतः शक्ति से शक्तिमान् भिन्न भी है। शक्तिमान् से शक्ति को पृथक् नाम से अभिहित करना सङ्गत है। शक्तिमान् में उसकी स्वरूपादि शक्तियों से अभिन्न रूप से चिन्तन करना अशक्य है और वह भिन्न प्रतीत होता है। और उनसे भिन्न रूप से चिन्तन करना भी अशक्य है। फलतः वह अभिन्न प्रतीत होता है। इस प्रकार शक्तिमान् तथा शक्ति से भेद और अभेद-दोनों सिद्ध होते हैं।[2] ये दोनों ही अचिन्त्य शक्ति से युक्त होने के कारण अचिन्त्य हैं।[3]

यहाँ एक शंका होती है कि यह अचिन्त्य शक्ति किसकी है? ब्रह्म की अथवा वस्तुमात्र की। क्योंकि जीवगोस्वामीपाद ने यह अचिन्त्य शक्ति ब्रह्म की है अथवा वस्तुमात्र की इस विषय में कुछ नहीं कहा? इस शंका का समाधान यह प्रतीत होता है कि जीवगोस्वामीपाद अचिन्त्यभेदाभेद सिद्धान्त को व्यापक रूप प्रदान करना चाहते हैं। अतः उन्होंने शक्तिमान् के विषय में कुछ नहीं कहा। यदि वे ब्रह्म का अचिन्त्यशक्तिमयत्व कहते तो, यह अचिन्त्यभेदाभेद का सम्बन्ध ब्रह्म और उसकी शक्ति के मध्य ही सीमित रहता, किन्तु उनके मत में यह सम्बन्ध वस्तुमात्र और उसकी शक्ति के मध्य भी है। वे वस्तुमात्र की भी अचिन्त्यशक्ति को स्वीकार करते हैं। अतः यहाँ यह मानना समीचीन है कि वस्तुमात्र और उसकी शक्ति के मध्य अचिन्त्यभेदाभेद सम्बन्ध में अचिन्त्यशक्ति वस्तु की है। ब्रह्म और उसकी शक्ति के मध्य अचिन्त्यभेदाभेदसम्बन्ध में अचिन्त्यशक्ति ब्रह्म की है। किन्तु वस्तुमात्र की अचिन्त्य शक्ति का अभिप्राय आनुषंगिक रूप में है। इसका मुख्य अभिप्राय ब्रह्म की अचिन्त्यशक्ति से है। ऐसा मानने के दो विशेषकारण हैं।

---

1. सर्वसंवादिनी, पृ. 33
2. स्वरूपादभिन्नत्वेन चिन्तयितुमशक्यत्वाद्भेदः भिन्नत्वेन चिन्तयितुमशक्यत्वाद- भेदश्च प्रतीयत इति शक्तिमतोर्भेदाभेदावेवाङ्गीकृतौ तौ च अचिन्त्यौ इति।। उपरिवत्, पृ. 33
3. स्वमते त्वचिन्त्यभेदाभेदावेव अचिन्त्यशक्तिमयत्वादिति।। उपरिवत्, पृ. 146

(1) महाप्रभु ने अचिन्त्यभेदाभेद के सिद्धान्त का उल्लेख किया है, ब्रह्म और जीव-जगत् के बीच सम्बन्ध के संदर्भ में, न कि वस्तुमात्र में शक्ति और शक्तिमान् के बीच सम्बन्ध के संदर्भ में। इस सम्बन्ध में उन्होंने भगवान् की ही अचिन्त्य शक्ति का उल्लेख किया है, न कि भेदाभेदयुक्त प्राकृतिक वस्तुओं की अचिन्त्य शक्ति का उल्लेख किया है।[1]

जगत् रूप में परिणती प्राप्त करके भी ईश्वर अपने स्वरूप में अविकृत रहता है, इस बात को सिद्ध् करने के लिए उन्होंने प्राकृत जगत् का एक दृष्टान्त देते हुए कहा है कि जिस प्रकार चिन्तामणि से नाना प्रकार के रत्न प्रकट होते हैं, फिर भी उसका अपना स्वरूप विकृत नहीं होता, उसी प्रकार ईश्वर अपनी शक्ति से जगत् को प्रकट करके भी अविकृत रहता है और इसी सम्बन्ध में उन्होंने कहा है कि जब प्राकृत वस्तु में इस प्रकार की अचिन्त्य शक्ति देखने में आती है तब ईश्वर में अचिन्त्य शक्ति हो, इसमें विस्मय की क्या बात है?[2]

इससे स्पष्ट है कि श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभु ने ईश्वर की अचिन्त्य शक्ति को समझाने के लिये ही प्राकृत वस्तुओं की अचिन्त्य-शक्ति का दृष्टान्त रूप में उल्लेख किया है। मुख्य रूप से उनका अभिप्राय वस्तुमात्र की अचिन्त्य शक्ति से नहीं, ईश्वर की अचिन्त्य शक्ति से ही है।

जीवगोस्वामीपाद ने भी ब्रह्म और जीव-जगत् के बीच सम्बन्ध के विषय में भास्कर, शंकराचार्य, रामानुजाचार्य आदि के मतों का उल्लेख करते हुए कहा है कि "स्वमते तु अचिन्त्यभेदाभेदावेव अचिन्त्यशक्तिमयत्वादिति।"[3] इससे स्पष्ट है कि उन्होंने अचिन्त्य भेदाभेद सिद्धान्त का उल्लेख ब्रह्म और जीव-जगत् के सम्बन्ध को लेकर ही किया है और अचिन्त्य शब्द से उनका तात्पर्य ब्रह्म की अचिन्त्य शक्ति से ही है।

(2) यदि मान लिया जाय कि 'अचिन्त्य' शब्द से तात्पर्य वस्तुमात्र की अचिन्त्य शक्ति से है, ब्रह्म की अचिन्त्य-शक्ति से नहीं, तो ब्रह्म के स्वरूप से सम्बन्धित कई महत्त्वपूर्ण समस्याओं का हल न हो सकेगा। साधारण वस्तुओं की अचिन्त्य-शक्ति, शक्ति और शक्तिमान् में भेद और अभेद की युगपत् स्थिति का ही कारण होती है। वस्तु को शक्ति के परिणाम से अविकृत रखने की सामर्थ्य उसमें नहीं होती। वस्तु और उसकी शक्ति में स्वाभाविक अभेद के कारण शक्ति

---

1. चौतन्यचरितामृत, 1/7/117 कृष्णदास कविराज, हरिनाम संकीर्तनमण्डल, वृन्दावन सन् 1965-65
2. चौतन्यचरितामृत, 1/7/120
3. सर्वसंवादिनी, पृ. 149

के दोषों से वस्तु दूषित हुए बिना नहीं रहती। मनुष्य अच्छे या बुरे कर्म करे और उसके कर्मों के गुण या दोष उसकी कर्म करने की शक्ति तक ही सीमित रहें, उसे स्पर्श न करें, यह संभव नहीं है। परब्रह्म की अचिन्त्य शक्ति उसे अपनी शक्ति के परिणामों और उनके दोषों के कारण विकृत नहीं होने देती है। इससे स्पष्ट है कि परब्रहा की अचिन्त्यभेदाभेद की शक्ति वस्तुमात्र की अचिन्त्यभेदाभेद की शक्ति से सर्वथा भिन्न है और श्रीकृष्णचौतन्यमहाप्रभु का अचिन्त्यभेदाभेद का सिद्धान्त परबह्म की अचिन्त्य शक्ति लेकर ही है, वस्तुमात्र की अचिन्त्य शक्ति को लेकर नहीं।"[1]

इस प्रकार अचिन्त्यभेदाभेदवाद में भेदाभेद अचिन्त्य शक्ति से युक्त होने के कारण अचिन्त्य है और इसका मुख्य अभिप्राय ब्रह्म की अचिन्त्य शक्ति से है। अचिन्त्यभेदाभेदसिद्धान्त का अचिन्त्य अद्वैत मत के माया सिद्धान्त के "अनिर्वचनीय से भिन्न है। क्योंकि माया सिद्धान्त का अनिर्वचनीय निषेधात्मक है। वह माया में सत् और असत् दोनों विरोधी गुणों का निराकरण करता है। किन्तु अचिन्त्यभेदाभेद सिद्धान्त विधेयात्मक है। वह शक्ति और शक्तिमान् के बीच भेद और अभेद दोनों विरोधी गुणों को समाविष्ट करता है।

अन्यभेदाभेदवाद और अचिन्त्यभेदाभेदवाद - तुलनात्मक अध्ययन

1. अद्वैतवाद और अचिन्त्यभेदाभेदवाद :

अद्वैतवाद के प्रतिष्ठापक आचार्य शंकर के मतानुसार ब्रह्म एकमात्र अद्वैततत्त्व है। अन्य सभी पदार्थ असत् हैं। जगत् ब्रह्म का विवर्त्त है। शुक्ति में रजत की भ्रान्त प्रतीति के समान मिथ्या है। जीव और ब्रह्म में कोई भेद नहीं है। ब्रह्म ही अविद्योपाधि के कारण जीव है। जब तक बुद्धि रूप उपाधि के साथ जीव का सम्बन्ध रहता है, तभी तक जीव का जीवत्व और संसारित्व है।'[2] अविद्या निवृत्ति होने पर जीव अपने स्वरूप को प्राप्त होता है और जीवों का वास्तविक स्वरूप ब्रह्म है।'[3] अतः ब्रह्म और जीव में भेद कल्पित है, उपाधि के कारण है। वस्तुतः दोनों में अभेद है।

---

1. श्रीचैतन्यमहाप्रभु का दार्शनिक सिद्धान्त अचिन्त्यभेदाभेद, अवधबिहारी लाल कपूर, पृ. 202 203, परमार्थ प्रकाशन, वृन्दावन, संवत् 2038
2. शांकरभाष्य, 2/3/30, शंकराचार्य, भामतीटीका सहित, भामती-व्याख्याकार, स्वामी योगीन्द्रानन्द, चौखम्बा विद्याभवन, 1996
3. ब्रह्मसूत्र 1/4/3, शांकरभाष्य, भामतीटीका

इस प्रकार अद्वैतवाद पूर्णतया अभेद को ही स्वीकार करता है। उसमें भेद के लिए कोई स्थान नहीं है। किन्तु अचिन्त्यभेदाभेदवाद भेद और अभेद-दोनों को समान रूप से स्वीकार करता है।।

2. विशिष्टाद्वैतवाद और अचिन्त्यभेदाभेदवाद -

विशिष्टाद्वैतवाद आचार्य रामानुज का मत है। जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यह सविशिष्ट अद्वैत को स्वीकार करता है- (विशिष्टस्य अद्वैतं)। इस मत के अनुसार एकमात्र ब्रह्म परमतत्त्व है, जो कि चित् (जीव) और अचित् (जगत्) दोनों से विशिष्ट है।[1] ब्रह्म के विशेषण स्वरुप होने से जीव और जगत् भी सत्य हैं। अतः आधारभूत तत्त्व के रूप में ब्रह्म, जीव और जगत् - ये तीन तत्त्व हैं। किन्तु इनका स्तर समान नहीं हैं, अपितु भिन्न-भिन्न है। इनमें चरमसत्ता एकमात्र ब्रह्म है, जो कि स्वाधीन है, शेष दोनों जीव-जगत्, ब्रह्माधीन और नियंत्रित हैं।

ब्रह्म और जीव-जगत में क्या सम्बन्ध है? यह समझाने के लिए रामानुजाचार्य शरीर-शरीरी भाव[2] की सहायता लेते हैं। शरीर-शरीरी भाव के अनुसार ब्रह्म आत्मरूप है और जीव-जगत् उसके शरीर हैं। यहाँ शरीर से तात्पर्य मानवीय देह से नहीं है। अपितु उस द्रव्य से है, जिसे चेतन आत्मा अपने प्रयोजन हेतु धारण करती है, नियमन करती है, कार्य में प्रवृत्त करती है और जो पूर्णतया उस आत्मा के अधीनस्थ है। इस दृष्टि से समस्त विश्व ब्रह्म द्वारा नियन्त्रित और ब्रह्म के अधीनस्थ रहता है। ब्रह्म के शरीरभूत होने पर भी सृष्टि की अवस्था में जीव के दोषों और जगत् के विकारों से ब्रह्म प्रभावित नहीं होता है। जैसे - शारीरिक विकारों अथवा दोषों से आत्मा प्रभावित नहीं होती है। अतः जीव-जगत् और ब्रह्म में शरीर-शरीरी सम्बन्ध है। इस विशिष्ट सम्बन्ध को रामानुज ने अपृथक् सिद्धि सम्बन्ध कहा है। इसके अनुसार जीव-जगत् पूर्णतया ब्रह्माश्रित हैं, ब्रह्म उसका अन्तर्यामी है। अतः उससे अभिन्न है। किन्तु भिन्न भी है, क्योंकि ब्रह्म निर्दोष है, जीव-जगत् दोष और विकारों से युक्त हैं। ब्रह्म पूर्ण और विभु है, किन्तु जीव अपूर्ण एवं अणु है। अतः ब्रह्म और जीव-जगत् में भेदाभेद सम्बन्ध है।

---

1. फण्डामेण्टल ऑफ विशिष्टावेदान्त, एस.एम. श्रीनिवासाचारी, पृ. 26, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2004,
2. श्रीभाष्य 1/1/1, 2/1/9, रामानुजाचार्य, सम्पादक, प्रो. एम.ए. लक्ष्मीताताचार्य, मेलुकोट, 1985

इस प्रकार विशिष्टाद्वैतवाद भेदाभेदवाद है। यह सिद्धान्त ब्रह्म और जीव-जगत् के सम्बन्ध की व्याख्या द्रव्य-गुण-भाव और शरीर-शरीरी-भाव के आधार पर करता है। किन्तु अचिन्त्यभेदाभेदवाद शक्ति-शक्तिमान् सम्बन्ध के आधार पर जीव-जगत् और ब्रह्म के सम्बन्धों की व्याख्या करता है। विशिष्टाद्वैतवाद भेद की अपेक्षा अभेद पर अधिक बल देता है। किन्तु अचिन्त्यभेदाभेदवाद भेद और अभेद दोनों को समानरूप से स्वीकार करता है।

3. औपाधिक भेदाभेदवाद और अचिन्त्यभेदाभेदवाद -

आचार्य भास्कर औपाधिक भेदाभेद के आधार पर जीव-ब्रह्म के सम्बन्धों की व्याख्या करते हैं। उनके मत में जीव और ब्रह्म में अभेद है। जीव का वास्तविक रूप ब्राह्म रूप है। जीवत्व औपाधिक है।[1] जीवत्व रूप में ही उसकी ब्रह्म से भिन्नता है। अतः उपाधि-बन्धन की अवस्था में ही जीव का ब्रह्म से भेद है। मुक्ति की अवस्था में दोनों में अभेद है।[2] इस प्रकार ब्रह्म और जीव में परस्पर भेद-अभेद है। अभेद स्वाभाविक, आन्तरिक, सत्य और शाश्वत। किन्तु भेद स्वाभाविक आन्तरिक और शाश्वत नहीं हैं। केवलमात्र औपाधिक है।

औपाधिक भेदाभेदवाद अचिन्त्यभेदाभेदवाद से भिन्न है। क्योंकि औपाधिक भेदाभेदवाद के अनुसार जीव और ब्रह्म में भेद जीव की बन्धन की अवस्था में ही है, मुक्ति की अवस्था नहीं है। मुक्ति की अवस्था में दोनों में अभेद है। किन्तु अचिन्त्यभेदाभेदवाद जीव-ब्रह्म में भेद और अभेद दोनों को मुक्ति की अवस्था में भी उसी प्रकार मानता है, जिस प्रकार बन्धन की अवस्था में स्वीकार करता है। औपाधिक भेदाभेदवाद भेद की अपेक्षा अभेद पर अधिक बल देता है। किन्तु अचिन्त्य भेदाभेदवाद भेद और अभेद को समानरूप से मानता है। औपाधिक भेदाभेदवाद भेद को उपाधिकृत मानता है। किन्तु अचिन्त्यभेदाभेदवाद किसी उपाधि को स्वीकार नहीं करता है। जीवागोस्वामीपाद औपाधिक भेदाभेदवाद का खण्डन करते हुए कहते हैं कि यदि ब्रह्म में उपाधि सम्बन्ध स्वीकार कर जीव का जीवत्व मानेंगे, तो जीव के दोषों से ब्रह्म भी दूषित होगा और ब्रह्म के स्वरूप में, जो निर्दोष, निर्विकार और अशेष कल्याणगुणात्मक है, विरोध उत्पन्न होता है।[3]

---

1. भास्करभाष्य, 2/3/18, भास्कराचार्य, सम्पादक-विध्येश्वरी प्रसाद, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, 1914
2. उपरिवत्, 1/4/20
3. सर्वसंवादिनी, पृ. 129

4. स्वाभाविकभेदाभेदवाद और अचिन्त्यभेदाभेदवाद :

निम्बार्काचार्य जीव और ब्रह्म में स्वाभाविक भेदाभेद मानते हैं। उनके मत में भेद औपाधिक नही, स्वाभाविक है। जीव और जगत् की ब्रह्म में स्वाभाविक स्थिति है। ब्रह्म कारण है, जीव-जगत् कार्य है। ब्रहा अंशी है और जीव-जगत् अंश है। कारण और कार्य परस्पर भिन्न और अभिन्न हैं। अंश अशी से भिन्न और अभिन्न है।[1] जैसे सूर्य और उसकी किरणें परस्पर भिन्न और अभिन्न हैं। उसी प्रकार ब्रह्म और जीव-जगत् अपने स्वभाव से ही परस्पर भिन्न और अभिन्न हैं। यह भिन्नताभिन्नता न केवल जीव की बद्धावस्था में रहती है, अपितु मुक्ति की अवस्था में भी है।[2]

स्वाभाविक भेदाभेदवाद अचिन्त्यभेदाभेदवाद के समान भेद को वास्तविक मानता है, औपाधिक नहीं मानता है। दोनों सिद्धान्त भेद और अभेद को समान रूप से स्थान देते है। किन्तु दोनों में वैभिन्य है। क्योकि स्वाभाविक भेदाभेदवाद कार्य-कारण सम्बन्ध और अंश-अंशी सम्बन्ध के आधार पर जीव-ब्रह्म में भेदाभेद तर्क द्वारा सिद्ध करता है। परन्तु अचिन्त्यभेदाभेदवाद शक्ति-शक्तिमान् सम्बन्ध के आधार पर जीव-ब्रह्म में भेदाभेद की प्रतिष्ठा करता है। जीवगोस्वामीपाद निम्बार्काचार्य के कार्यकारण सम्बन्ध के सिद्धान्त की आलोचना करते हुए कहते हैं कि कार्य और कारण दोनों भिन्न वस्तुएँ है। कारणत्व में कार्यत्व नहीं होता है और कार्यत्व में कारणत्व नहीं होता है। मृत्तिका से घट बनाते है, किन्तु मृत्तिका घट नहीं होती। आकार-विशिष्ट मृत्तिका ही घट होती है। कार्य-कारण का एकत्व है, घट के समान एक विशिष्ट कार्य को लेकर, न कि उन सभी वस्तुओं को लेकर जो मृत्तिका का कार्य हैं। यदि ऐसा होता, तो एक ही कारण के विभिन्न कार्यों में कोई भेद न रहता। कारण रूप मृत्तिका मिट्टी के विभिन्न प्रकार के बर्तनों की समष्टि से अभिन्न नहीं। यदि ऐसा होता, तो विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तनों में कोई भेद न रहता।[3] कारण और कार्यपरस्पर भिन्न हैं। इस कार्यकारणसम्बन्ध के आधार पर भेदाभेद को सिद्ध नहीं किया जा सकता है। स्वाभाविक भेदाभेद के विरुद्ध दूसरा महत्त्वपूर्ण आक्षेप यह है कि ब्रह्म और जीव-जगत् में स्वाभाविक अभेद के कारण जीव और जगत् के दोष भी स्वाभाविक रूप से ब्रह्म को आरोपित होते हैं और ब्रह्म के स्वरूप में, जो स्वभावत: निर्विकार और अनन्तगुण सम्पन्न है, विरोध उत्पन्न होता है। इसी

---

1. द फिलासफी ऑफ निम्बार्क, प्रो. मदनमोहन अग्रवाल, पृ. 96 आगरा, 1997
2. उपरिवत्, पृ. 98
3. सर्वसंवादिनी, पृ. 144-145

प्रकार जीव और ब्रह्म में स्वाभाविक अभेद के कारण जीव में ब्रह्म की सर्वज्ञता और सर्वशक्तिमता का आरोप होता है, जो जीव के वास्तविक स्वरूप के विपरीत है।[1]

5. द्वैतवाद और अचिन्त्यभेदाभेदवाद -

द्वैतवाद मध्वाचार्य का सिद्धान्त है। इसके अनुसार ब्रह्म और जीव-जगत् में यथार्थ भेद है। यह भेद इनके नाम, रूप, गुण आदि में है। भेद के सामान्यतया तीन प्रकार हैं - (1) सजातीय (2) विजातीय और (3) स्वगत। इनमें से तृतीय स्वगत भेद को मध्वाचार्य स्वीकार नहीं करते हैं। सजातीय और विजातीय- इन दो भेदों के आधार पर ब्रह्म, जीव और जगत् इन तीनों में भेद का निरूपण करते हुए भेद के पाँच प्रकार करते हैं।

	जीव	ईश्वर	जगत्
1			
		2	3 4
	जीव	5	जगत्

इन पाँच भेदों को समग्रतः प्रपंच कहा है- 'प्रकृष्टः पंचविधो भेदः प्रपंचः।'[2] ब्रह्म और जीव में यथार्थ भेद मानते हुए उनमें सम्बन्ध की व्याख्या बिम्ब प्रतिबिम्बभाव के आधार पर की है।

इस प्रकार द्वैतवाद जीव और ब्रह्म में पूर्णतया भेद मानता है। अतः सिद्धान्त अचिन्त्यभेदाभेदवाद से पूर्णतया भिन्न है। क्योंकि अचिन्त्यभेदाभेदवाद भेद और अभेद दोनों को समान रूप से स्वीकार करता है। इसके अनुसार भेद और अभेद- दोनों सत्य और शाश्वत हैं। किन्तु द्वैतवाद में अभेद के लिए कोई स्थान नहीं है। भेद ही सत्य और शाश्वत है। द्वैतवाद की आलोचना करते हुए जीवगोस्वामी पाद कहते हैं कि यदि जीव और ब्रह्म में अत्यन्त भेद को मानेंगे, तो उनमें किसी भी प्रकार से ऐक्य असंभव होगा और ब्रह्मात्मभावोपदेश संभव नहीं होंगे। अतः सम्पूर्ण वेदान्त को ही छोड़ना पड़ेगा।[3] इसलिए द्वैतवाद दोषपूर्णमत है।

---

1. उपरिवत्, पृ. 33, 129
2. फिलासॅफी ऑफ श्री मध्वाचार्य, बी.एन.के. शर्मा, पृ. 93, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2002
3. सर्वसंवादिनी, पृ. 33, 129

6. शुद्धाद्वैतवाद और अचिन्त्यभेदाभेदवाद : -

वल्लभाचार्य का मत शुद्धाद्वैतवाद है। शुद्धाद्वैत की व्याख्या दो प्रकार से की जाती है।[1] प्रथम इसमें कर्मधारय समास मानकर इसका अर्थ किया जाता है "शुद्धम् अद्वैतम्" अर्थात् माया रहित एक अद्वितीय सत्स्वरूप ब्रह्म। पुनः षष्ठी तत्पुरुष समास मानकर इसका अर्थ किया जाता है- "शुद्धयोः अद्वैतम्" अर्थात् दो शुद्ध प्रमेयों का अद्वैत। शुद्ध से तात्पर्य माया सम्बन्ध से रहित होना है।[2] माया सम्बन्ध से रहित ब्रह्म अद्वैततत्त्व है। वह सच्चिदानन्दस्वरूप है। उसका चिदंश जीव और सदंश जगत् है। इस प्रकार जीव और जगत् ब्रह्म का अंश हैं।[3] अंश होने के कारण जीवजगत् ब्रह्म से एकरुप हैं। वे आविर्भाव एवं तिरोभाव के रूप के उसके व्यापार के द्वारा जीव-जगत् के रूप में प्रतीत होते हैं। जीव-ब्रह्म का परस्पर सम्बन्ध उसी प्रकार है, जिस प्रकार अग्नि एवं स्फुलिंग में है। जैसे स्फुलिंग अग्नि से अभिन्न है, उसी प्रकार जीव ब्रह्म से अभिन्न है। अविद्या के कारण जीव संसारी है। किन्तु विद्या के कारण अविद्या से मुक्त होकर जीवन्मुक्त हो जाता है। जीव की मुक्ति उसके तिरोभूत आनन्दांश की प्राप्ति है, ब्रह्म से एकरूपता नहीं है। ब्रह्म से अभिन्नता तो उसकी पहले से ही है। इस प्रकार ब्रह्म को पूर्ण तथा जीव को अंश मानते हुए भी वल्लभाचार्य ने दोनों को अपृथक् माना है।

इस प्रकार शुद्धाद्वैतवाद अचिन्त्यभेदाभेदवाद से पूर्णतया भिन्न सिद्धान्त है। क्योंकि शुद्धाद्वैतवाद पूर्णतया अभेद को मानता है। वहाँ भेद के लिए कोई स्थान नहीं है। किन्तु अचिन्त्यभेदाभेदवाद भेद और अभेद-दोनों को समान रूप से स्वीकार करता है।

उपर्युक्त सम्पूर्ण विवेचन से स्पष्ट है कि अचिन्त्यभेदाभेदवाद अन्य भेदाभेदसिद्धान्तों से भिन्न सुव्यवस्थित एवं सामंजस्यपूर्ण सिद्धान्त है। यह सिद्धान्त "अचिन्त्य की तर्कातीत धारणा को प्रस्तुत कर भेद और अभेद की युगपत् स्थिति बनाने में और परमसत्ता को अविकृत एवं निर्लिप्त रखने में समर्थ हो जाता है। अतः अचिन्त्यभेदाभेदवाद के रूप में ब्रह्म और जीव - जगत् के सम्बन्धों का युक्ति पूर्ण विवेचन, अपूर्व है।

✦✦✦

---

1. शुद्धाद्वैतमार्तण्ड, 27, गिरिधर, सम्पादक-सत्यनारायण मिश्र, वाराणसी, शकाब्द, 1888
2. उपरिवत्, 28
3. अणुभाष्य, 2/3/43
   वल्लभाचार्य, सम्पदक - मूलचन्द तुलसीराम, दिल्ली, 2005

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 15-16) ISSN : 0975-1769

मानवता का संदेशवाहक तर्जनी काव्य

-मंगला ठाकुर
शोधछात्रा, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान,
नई दिल्ली

[अस्मिन् शोधपत्रे आधुनिकसमाजे व्याप्तानां समस्यानां चर्चा वर्तते तर्जनीकाव्येन कवेः विचारः कथं जनानामुपकारी भविष्यति एतत् सर्वं लेखिका प्रस्तुते पत्रे विवृतवती। -सं०]

सारांश- आधुनिक समाज मानवता खो देने के कारण चारों ओर अशान्त, अव्यवस्थित, पारस्परिक घृणा, द्वेष और अनैतिकता का शिकार हो चुका है। लोभ, ईर्ष्या, द्वेष मानवता को गर्त की ओर धकेल रहा है। भारतीय संस्कृति, प्राचीन सभ्यता एवं राष्ट्र की एकता और अखण्डता लुप्तप्राय होती जा रही है। अतः इस परिस्थिति में यह आवश्यक हो जाता है कि एक राष्ट्र के लिए क्या निन्दा के योग्य है और क्या प्रशंसा के योग्य है। इन सभी बातों का "तर्जनी" के माध्यम से प्रकट किया जाना ही काव्य का मुख्य उद्देश्य है।

बीजशब्द-राष्ट्र, राष्ट्रीयता, मानवता, नैतिकता, सामाजिक कुरीतियां।

संस्कृति के धरोहर साहित्य के माध्यम से राष्ट्र के नागरिकों के व्यक्तित्व का प्रतिबिम्ब होता है और उन सांस्कृतिक मूल्यों को संवारने और उभारने के लिए कवि या साहित्यकार की महत्त्वपूर्ण भूमिका पुरातन काल से लेकर अब तक चलती आ रही है। कविकर्म की उपयोगिता इस बात पर निर्भर करती है कि उसमें संस्कृति के सत्पक्ष और रस की साधारणीकरण की प्रक्रिया पाठकों के चित को आप्लावित करने की कितनी क्षमता रखती है। काव्यमीमांसाकार का मानना है कि जिस प्रकार का स्वभाव कवि का होगा, उसी के अनुरूप उसका काव्य भी होगा।[1] साहित्यकार अपनी रचना के माध्यम से रस, गुण, अलङ्कार, छन्द, रीति आदि साहित्यिक विधाओं के आधार पर किसी भी राष्ट्र की सांस्कृति

1. यत्थवभावः कविथतदनुरूपं काव्यम्" राम जी उपाध्याय भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक भूमिका" पृ. १

और समाज के सत्प्रतिपक्षों का समर्थन करते हुए उनकी उपादेयता का प्रतिपादन करता है। राष्ट्रीयता कवियों और रचनाकारों को राष्ट्र, जाति, और धर्म की रक्षा के लिए आंदोलन जगाने और राष्ट्र पर सर्वस्व समर्पण की भावना भरने वाली रचनाएं लिखने का प्रोत्साहन भी देती है। साहित्य राष्ट्र व मानव समाज की अमूल्य धरोहर है। साहित्यिक और सांस्कृतिक मूल्यों को उभारने और संवारने में कवि या साहित्यकार ही सिद्धहस्त होते है। राष्ट्र के प्रति अनुराग, बलिदान तथा राष्ट्रीयता के मूल्यों की समायोजन व्यवस्था को सशक्त बना कर देश को प्रगतिपथ पर आगे ले जाने की कल्पना हिमाचल के प्रसिद्ध साहित्यकार दुर्गादत्त शास्त्री महोदय के द्वारा "तर्जनी" काव्य में की गई है। कवि के द्वारा एकादशसर्गात्मक काव्य में प्रत्येक सर्ग का नियोजन भिन्न-भिन्न उपाख्यानों के अनुसार किया गया है परन्तु सबका एकमात्र उद्देश्य राष्ट्रीयता तथा समाज में फैली कुरूतियों आदि महत्त्वपूर्ण विषयों को काव्य के माध्यम से जनसाधारण तक पहुँचाना है। वेदों में भी राष्ट्र की परिकल्पना उपलब्ध होती है। हमारे ऋषिजनों के द्वारा यज्ञ में विभिन्न देवताओं को आहूतियां राष्ट्र प्राप्ति की कामना से दी जाती थी। इसे 'राष्ट्रप्राप्ति यज्ञ' के नाम से जाना जाता था और राष्ट्र की संरक्षता के नायक के मस्तक पर राष्ट्रतिलक करते समय भी वे अपने राष्ट्र लाभ की हार्दिक कामनाएं किया करते थे।[1] राष्ट्र से सम्बन्धित शब्दों का प्रयोग वैदिक साहित्य में अत्यधिक किया गया है। जैसे साम्राज्य, स्वराज्य, राज्य, महाराज्य इत्यादि। इन शब्दों में राष्ट्र शब्द ही सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। वैदिक काल से ही जनमानस में राष्ट्रीयता की भावना पल्लवित होती आई है। राष्ट्र शब्द एक सुनिर्दिष्ट अर्थ और भावना का प्रतीक है। यजुवेद में राष्ट्र की कामना करते हुए सुन्दर शब्दों में कहा है "आ राष्ट्रे राजन्य शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम्"।[2] अर्थात् प्राचीन काल से ही क्षत्रिय, वीर, धनुषधारी, लक्ष्यभेदी महारथियों की कामना की जाती थी। ताकि राष्ट्र धन धान्य दुग्ध आदि के संवर्धन में पिछडा ना रहे।[3] एक राष्ट्र की अपनी जनसंख्या, भू भाग, प्रभुसता, सभ्यता, सांस्कृति, भाषा, साहित्य, स्वाधीनता और स्वतन्त्रता तथा राष्ट्रीय एकता आदि समस्त तत्त्व हो तथा जिसकी समस्त प्रजा अपने राष्ट्र के प्रति आस्थावान हो। काव्यकार दुर्गादत्त शास्त्री

---

1. इमां देवा असपत्नं सुवध्यं महते क्षत्राय महते
   ज्येष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय।
   इममुष्य पुत्रमुष्यै पुत्रमस्यै विश एष
   वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां राजा।। (यजुवेद, ८/४०)
2. यजुर्वेद. २८.२२
3. अभिवर्धताम् पयसाभिः राष्ट्रेण वर्धताम्। अथर्ववेद ६.७८.२

द्वारा यहाँ सिद्धहस्तता का प्रदर्शन करते हुए मानवता का संदेश देते हुए स्वातन्त्र्योतर काल में समाज में फैली विषमताओं, मातृभूमि की सुरक्षा और राष्ट्रनिर्माण के प्रमुख तत्त्वों का विवेचन प्रस्तुत किया है। उनके मन में शंका उत्पन्न होती है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व मातृभूमि के प्रति जो अनुराग, बलिदान की भावना तथा निष्काम सेवा का व्रत देशवासियों में था क्या वह आज भी उसी रूप में सजीव है? क्या हम सामाजिक बुराईयों को छोड़ रहे हैं या वे हमें अधिकाधिक जकड़ती जा रही है? प्राचीन काल में तो भारत को विश्वगुरु माना जाता था, क्या आज भी हमारा आध्यात्मिक बल उतना ही बलवान है कि प्राचीन गुरूसिंहासन पर आरूढ हो सके? क्या देशवासी राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व को भली भाति निभा रहे हैं? भाषावाद, प्रान्तवाद तथा जातिवाद के भूत विघटन का बीज तो नहीं बो रहे है? क्या अस्पृश्यता के कलंक को समाज में धो दिया है? क्या अस्थि मांस के आधार पर किसी को अस्पृश्य कहना उचित है? अन्ततोगत्वा क्या मानव को मानवता के बिना संसार में जीवित रहने का अधिकार है? इन्हीं प्रश्नों की उपज ही यह "तर्जनी" नामक मौलिक संस्कृत काव्य है। हिमाचल के संस्कृत साहित्यकारों द्वारा विरचित महाकाव्यों का जब दृष्टिपात किया जाता है तो संस्कृत साहित्य की ही प्रेरणाओं का प्रतिबिम्बन इसमें उपलब्ध होता है। संस्कृत भाषा की गरिमा और सजीवता बनाए रखने के लिए यहां के कवियों ने विशेष रुप से उद्योग किया है। यहां के शान्तिप्रधान, सौन्दर्ययुक्त और श्रेष्ठ संस्कृति के द्योतक वातावरण ने इन काव्यों के प्रणयन में महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। यहां के संस्कृत महाकाव्यों में वर्णाश्रम धर्म, तात्त्विक चिन्तन, कलात्मक परिप्रेक्ष्य, सामाजिक तथा सांस्कृतिक निरूपण, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्वतन्त्र भारत की विभिन्न व्यवस्थाओं का विवरण, प्राकृतिक चित्रण एवं राष्ट्रीय आदि विशेषताओं का मंजुलसामजस्य दृष्टिगोचर होता है। काव्यों के कथानक मुख्यतया ऐतिहासिक, राष्ट्रीयता से परिपूर्ण विभिन्न व्यवस्थाओं के परिचायक तथा लोक संस्कृतिपरक है। शास्त्री जी द्वारा विरचित काव्य समाज में फैली दहेजप्रथा, परिवारबाहुल्य, मद्यपान, भ्रष्टाचार और अस्पृश्यता आदि विषमताओं तथा राष्ट्रीयता को द्योतित करता हुआ मानवता का सांदेश दे रहा है। काव्य के प्रथम सर्ग 'त्वामहं सत्करिष्ये'And then, you are welcome में कवि ने पत्नी के पत्र के माध्यम से राष्ट्रभावना से जुडे पहलुओं तथा त्याग के उज्जवल उदाहरणों को दिखाने का प्रयास किया गया है। सैनिक की पत्नी युद्धभूमि में शहीद हाने पर स्वर्ग लोक में पति से मिलने की कामना करती है, लेकिन युद्धभूमि से पलायन उसे सह्य नहीं है। वह कल्पना करती है कि युद्ध भूमि में जाना उसके भाग्य में नहीं लिखा है अन्यथा टैंक में बैठकर वह भी

अपने पति की सहायता करती।[1] क्योंकि चीन ने स्वयं ही राष्ट्र संघ की मान्यताओं का उल्लंघन करके भारत के साथ विश्वासघात करके भारतीयों के हृदय को आहत किया है। सैनिक की पत्नी का मानना है कि मातृभूमि की रक्षा का दायित्व न केवल रक्षा विभाग और सैनिकों का है अपितु राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का होता है। एक राष्ट्र में जितना महत्त्व पुरुषों का है उतना ही स्त्रियों का भी माना गया है। वैदिक काल में भी स्त्रियों को पुरुषों के समतुल्य माना जाता था। अतः कवि ने इस काव्य में सैनिक की पत्नी के साहस का सुन्दर चित्रण चित्रित किया है। हिम्मत और साहस की इस तरह की भावना भारत में कृत्रिम रूप से पैदा नहीं हुई है अपितु उसके बीज हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही पनपते आ रहे हैं। वैदिक काल में नारी अध्ययन अध्यापन से लेकर रणक्षेत्र में भी जाती थी। स्त्री और पुरुष दोनों को शासक चुने जाने का समान अधिकार था।[2] स्त्रियों की भी सेना हो। स्त्रियों को युद्ध में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।[3] रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीराङ्नाओं के संस्कार हमारी संस्कृति में पहले से ही जुड़े मिलते हैं। शत्रुओं का संहार करने में वह सिद्धहस्त थी।[4] इसी भांति सैनिक की पत्नी भी युद्धभूमि में जाने मे असमर्थ अपनी वाकरूपी धारा के प्रवाह को बहाती हुई सैनिक को युद्धभूमि में डटे रहने की प्रेरणा दे रही है। उसका मानना है कि हमारी स्वाधीनता पहाड़ के समान अटल है और रहेगी तथा भविष्य में कोई भी शत्रु हमारी मातृभूमि पर दृष्टिपात् न करें।[5] पण्डित जवाहर लाल नेहरू के तहत चीन के साथ "पंचशील"[6] के आधार पर मैत्री कायम की थी परन्तु भारत पर आक्रमण कर चीन अपने ही वचनों से फिर गया। इस तरह के विश्वासघात से कवि का हृदय दुःखी होकर सैनिक की पत्नी की जुबानी बोल रहा है–"काचित्पत्रं लिखति रमणी युद्धभूमौ प्रयातंस्वं भर्तारं सुविपुलबलं भीमतुल्यं दधानम्। एतत्पत्रं लिखितमधुना वक्षसः शोणितेन भर्तारं दृष्ट्वा यदिह लिखितं पूणतां तन्नयस्व।।[7] शत्रु हिमालय पर बुरी दृष्टि ना डाले अतः राष्ट्र की गरिमा को बनाए रखने वाले भावों को व्यक्त करते हुए सैनिक की पत्नी कहती

---

1. नारीभाग्ये भवति पते युद्धभूमौ प्रयाणं, दुर्गादत शास्त्री, तर्जनी, १.१५, पृ.७
2. यजुर्वेद. २०.९
3. यजुवेद. १७.४५
4. लक्ष्मीबाई रिपुनविमथने सिद्धहस्ता प्रसिद्धा, पादंचिक्रे प्रथममिह सा मुक्तये मातृभूमेः। तर्जनी. १६, पृ.८
5. दुगादतशास्त्री. तर्जनी, १.१०४. पृ. ४७
6. हृदयनाथ कुंजरू, इण्डियाज फारन पालिसी एण्ड रिलेशनस, पृ. ११५
7. दुर्गादतशास्त्री, तर्जनी १.१ पृ. १

है- हत्वा शत्रूनपगतभयां मातृभूमिं कुरुष्व। भूमेः शत्रुः सपदि कुटिलो दंडनीयः स एवम्। कुर्याद् दृष्टि न स हिमगिरौ भूय एवं कदाचि-तृप्तां भूमिं स्वरिपुरुधिरेणाचिरादेव धेहि।[1] सैनिक की पत्नी कहती है कि अर्जुन के समान शस्त्रों से शत्रुओं का संहार कर शत्रुआं को जीत कर घर आएं, तो "त्वामहं सत्करिष्ये"। इसी कारण यह सर्ग इसी नाम से विख्यात है। स्वतन्त्रता के पश्चात् १९६२ में चीन देश वासियों ने 'हिन्दू चीनी भाई भाई' का नारा दिया परन्तु अपनी कूटनीति से भारत पर आक्रमण किया था। इस युद्ध में भारत की सेना पराजित हुई थी और वो राजनीतिक विफलता भी थी। कवि का मानना है कि ह्यूनत्सांग राजा हर्ष के काल में भारत आया था। उसने भारत में रहकर यहां की संस्कृति का अध्ययन किया और अन्त में उसे चीन ले गया।[2] जिन लोगों ने यहां से ले जाई गई दिव्य संस्कृति के आधार पर मानवता सीखी आज वही लोग हमें डरा रहें हैं।[3] हिमालय पर किसी भी प्रकार से शत्रु का अधिकार ना हो क्योंकि हिमालय की सब लोगों के द्वारा नम्रता के साथ अपने सर को झुकाते हुए पूजा की जाती है। सैनिक की पत्नी का मानना है कि जिस पर्वत की बर्फ से ढकी चोटियां आकाश में शोभा देती हैं, ऐसे उस हिमालय का चीन देश में रहने वाले नीच शत्रु स्पर्श भी न करें। हिमालय हमारे राष्ट्र का मस्तक तथा रक्षक है। 'मत्पश्चात् किं भविष्यति' यह काव्य का दूसरा सर्ग है। इसमें उस घटना को दिखाया गया है जब देश के रेलमन्त्री श्री लाल बहादुर शास्त्री थे और मद्यपान किए हुए एक व्यसनी के द्वारा वरुण और मेघदूत नामक एक्सप्रैस गाड़ियों की आपस में टक्कर होकर जानमाल का नुकसान हुआ। शास्त्री जी के मन में इस दुर्घटना से ग्लानि पैदा हो गई और हृदय को छू लेने वाले इस दृश्य से उनके मन को बहुत चोट पहुंची और इस पद से त्याग लेने का निर्णय कर त्यागपत्र सौम्यता के साथ जवाहर जी के हाथों में दे दिया। जवाहर जी बोले हे शास्त्रिन्! मैं आपके त्याग पत्र को स्वीकार नहीं करुंगा। यदि दुर्घटना हुई है तो इसमें आपका क्या दोष। शास्त्री जी का कहना था कि कारण चाहे कुछ भी रहा हो, दोष तो मेरा ही गिना जाएगा। सब लोग यही जानते हैं कि मैं रेलमन्त्री हूं और उनका ये भी मानना था कि जनापवादभीत्यैव रामस्तत्याज मैथिलीम्। वने गर्भवतीं साध्वीं निष्कलंकां तपस्विनीम्। मंत्रित्वं किमहं त्यक्तुं शक्नोमि न जवाहर। लोकनिन्दाभयादेवं जानाति सकलं भवान्।।[4] इस पर

---

1. दुर्गादतशास्त्री, तर्जनी १.४ पृ. ३
2. रोमिला थापर, भारत का इतिहास, पृ. १०९
3. दुर्गादत शास्त्री, तर्जनी, १.४७, पृ. २१
4. दुर्गादत शास्त्री, तर्जनी, २.५२, पृ. ६२

जवाहर जी का यही कहना था कि शास्त्री जी आप धन्य हैं आपका यह त्याग जब तक सूर्य और चांद है भारत में तब तक याद किया जाएगा।[1] सत्यमुक्तं केचिद् वदन्ति मे पश्चाद् भारते किं भविष्यन्ति। अल्पज्ञास्ते न जानन्ति राष्ट्रं नो रत्नपूरितम्।[2] तृतीय सर्ग में दहेज प्रथा के अवगुणों और उसके कारण फैले असन्तोष का सुन्दर चित्रण किया गया है। "श्वश्रूः पात्राणि मार्जति" नामक सर्ग में दहेज की लोभी सास ने साधारण घर से सम्बन्धित गुणवती वधू को मृत्यु के घाट उतार कर अपने पुत्र की शादी दहेजयुक्त लड़की से करवा कर अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाडी मार डाली। क्योंकि वह पहली वाली से बिल्कुल विपरीत आचरण करती थी। तब सास को अपनी पहली वाली गुणवती संस्कारी बहु की योग्यता की पहचान होती है परन्तु तब तो सास दहेज के लोभ में फंसी हुई थी, लेकिन जब उसे इस बात का एहसास हुआ तो तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस तरह देखा जा सकता है कि स्वतन्त्रता के उपरान्त भी हमारे समाज में दहेजप्रथा, जातिप्रथा, बालविवाह आदि कुप्रथायें आज भी प्रचलित है, जिसके कारण हमारा समाज कमजोर बनता जा रहा है। स्वभावतः इस तरह की कुप्रथायें ही हमारी राष्ट्रीयता, स्वतन्त्रता और समृद्धि में बाधक बनती जा रही हैं और इस तरह की सामाजिक बुराइयों ने दुर्गादत्त शास्त्री जी को अपनी लेखनी चलाने के लिए मजबूर कर दिया क्योंकि उनका मन इन बुराईयों को देखकर क्षोभित और क्रोधित हुआ करता थ। नारी उत्पीडन देश की एक ज्वलन्त सामाजिक समस्या है। प्राचीनयुग में जहाँ नारी को देवीतुल्य समझा जाता था, वहीं आज नारी कभी दहेज के नाम पर तो कभी पुरुष की अहं की तृप्ति के लिए उनकी बर्बरता की शिकार हो रही है। आए दिन अखबार में नारी के प्रति दुराचार, अत्याचार, बलात्कार व दहेज के लिए जिंदा जला देने जैसे जघन्य अपराध सुर्खियों में दिखाई देते हैं। ये सामाजिक विषमताएं तथा उनसे उत्पन्न कुरीतियां तब तक दूर नहीं की जा सकती जब तक कि हम उनके मूल कारणों तक नहीं पहुंचते व देश में व्याप्त अशिक्षा, निर्धनता तथा बढ़ती जनसंख्या में नियन्त्रण नहीं कर लेते। चतुर्थ सर्ग "विघ्नं मा कुरू मा कुरू" में एक व्यक्ति द्वारा दुराचरण का आश्रय लेकर अपने घर को बर्बाद कर लिया जाता है। स्वयं ही दुःख पैदा कर घर को सूना कर दिया जाता है। पश्चाताप करने के पश्चात् उस पापी पति का मानना था कि उस पतिव्रता नारी को मरने के लिए मेरे द्वारा ही विवश कर दिया गया था, और वह चरित्रशील पत्नी उसे भाग्य से मिली थी और उसके द्वारा ही उसे नष्ट कर दिया गया। नशे का सेवन करने वाला व्यक्ति न केवल व्यक्तिगत रुप

1. दुर्गादत शास्त्री, तर्जनी, २.५९, पृ. ६३
2. दुर्गादत शास्त्री, तर्जनी, २.५९

से प्रभावित होता है बल्कि इससे पूरा परिवार तथा समाज प्रभावित होता है नशे को ही बर्बादी का घर कहा गया है। यह व्यक्ति की शारीरिक, सामाजिक और मानसिक तीनों स्थितियों को प्रभावित करता है। कवि का मानना है कि नशा घर का सूकून छीन लेता है और नशे में धूत इंसान अपना होशों हवास खो बैठता है, वह अपने रिश्ते नाते सब भूल कर हैवानियत का शिकार हो जाता है। उसे मां, बहन, बेटी में कोई फर्क नजर नहीं लगता। इस सर्ग में भी बेटी और पत्नी की जान के साथ नशे में धूत पिता द्वारा खेला जाता है। पति और बाप से परेशान पत्नी और बेटी के द्वारा आत्महत्या कर ली जाती है। इस तरह परिवारिक सम्बन्धों में हाने वाले परिवर्तनों को कवि द्वारा पंचम सर्ग में दर्शाया गया है। षष्ठ सर्ग में वर्तमान युग में विवाह के अवसर पर मद्यपान करने वालों और वहां पर घटने वाली घटनाओं का सटीक चित्रण किया गया है। इन दुर्व्यसनों के कारण भारत के उच्च आदर्शों वाली वैवाहिक संस्कृति में आए परिवर्तनों की ओर संकेत मिलता है। बुजुर्गों का मानना है कि "मदिरायाः प्रयोगो न भूतो भूते कदाचन। उत्सवेषु नववाहादेर् व्याधिरेषाऽऽगता कुतः" (६.१५) जैसे जैसे स्वाधीनता के वर्ष बीत रहे हैं, वैसे वैसे ये भारतवासी अपनी सभ्यता छोड़ रहें हैं। भारतवर्ष की सभ्यता इनको कभी क्षमा नहीं करेगी। "राष्ट्रीयतासुरक्षायां भवत्येषा (सभ्यता) सहायका। (६.२२) सप्तम सर्ग में अविवेकपूर्ण रुप से पैदा किए गए अधिक बच्चों के कारण बनीं विषम परिस्थितियां और दुष्परिणाम किसके दोष के कारण आए का चित्रण किया गया है। "नरकोऽयं समागतः" सर्ग में जब पत्नी अपने बारह (१२) बच्चों और पति से परेशान हो जाती है तो विवश होकर उसे अपने को तथा अपने साथ अपने तीन बच्चों को मारने का घिनौना कार्य करना पड़ा। अष्टम सर्ग में साक्षात् रिश्वत घूसखोरी आदि के परिणामों को इस सर्ग के तहत दिखाने का प्रयास किया गया है। जब मनुष्य में असन्तोष की प्रवृति आ जाती है तो वह कितना भी हासिल कर ले परन्तु उसकी और अधिक प्राप्त करने की लालसा कभी भी समाप्त नहीं होती। जब वस्तु उसे सहज प्रकार से प्राप्त नहीं होती तो वह येन केन प्रकारेण हासिल करने के लिए उद्यत हो जाता है। इस प्रकार की परिस्थितियां ही भ्रष्टाचार को जन्म देती हैं। भ्रष्टाचार के कारण ही कार्यालयों, दफ्तरों व अन्य कार्यक्षेत्रों में चोरबाजारी, रिश्वतखोरी आदि अनैतिक कृत्य पनपते हैं। देश में छोटे कर्मचारी से लेकर शीर्षस्थ पदों पर आसीन अधिकारी तथा देश के नेतागण सभी भ्रष्टाचार में लिप्त है। उनके असंतोष व स्वार्थ लोलुपता का कहीं अन्त ही दिखाई नहीं पड़ता। रिश्वत के इन दुष्परिणामों को इस प्रकार इस कथा में नियोजित किया गया है कि जिससे वह कर्मचारी इस पाप कर्म को पुनः करने से संभल जाता है। नवम सर्ग "अस्पृश्यः कोऽस्ति

संसारे?" में कवि द्वारा अछूत् शब्द, वर्ण भेद की, जाति व्यवस्था की शास्त्र सम्मत उल्लेख करते हुए सुन्दर व्याख्या प्रस्तुत की गई है। उनका मानना है कि "जन्मना सकलाः शूद्रा ब्राह्मणाः गुणकर्मभिः। उत्तमाधमवर्णत्वं कर्मभिरेव भाव्यते।। (९.३२) वे कहते हैं जन्म के आधार पर जो लोग भेदभाव करते है, वे अज्ञानी होते हैं क्योंकि जन्मकाल में सब प्राणियों की इन्द्रियां समान होती है।[1] दशम सर्ग में अछूत शब्द का विस्तृत विवरण उपलब्ध होता है। इसमें हरिजन जाति की व्याख्या गांधी की विचारधारा के अनुसार की गई है। इसका निर्वचन हरि अर्थात् ईश्वर तथा उसका जन अर्थात् मानव रूप में किया गया है। और हरि ही सृष्टि की रचना, पालना और संहार करने वाला है।[2] जैसे समुद्र में जाकर नदियों का नाम मिट जाता है, इसी प्रकार हरि में सब धर्मों का नाम लीन हो जाता है।[3] अन्तिम "त्यागपत्र गृहाण मे" नामक एकादश अध्याय में मानवता से युक्त मनुष्य तथा उसके आदर्शयुक्त चरित्र को चित्रित किया गया है। व्यक्ति का कहना है कि यदि वह मानव मर्यादा में न रह कर राष्ट्र के विरूद्ध आचरण करता है तो ईश्वर उसका जीवन वापस ले ले। सारे राष्ट्र को ही अपना समझूं। मैं प्रान्तों का झगड़ा पैदा कर जीना नहीं चाहता हूं।[4] इससे मनुष्य की राष्ट्र के प्रति निष्ठा और निःस्वार्थ सेवाभाव द्योतित होती है। हमारे ऋषियों ने वेदों में मानव जीवन के विविध पहलुओं की पर्याप्त मीमांसा प्रस्तुत की है। उनकी दृष्टि मानव के केवल सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पक्षों का ही मूल्यांकन नहीं करती है, अपितु स्वदेश भक्ति, स्वदेश प्रेम किं वा राष्ट्रप्रेम के भावों को भी उजागर करती है। अपने देश, अपनी धरती को अर्थात् अपनी जन्मभूमि को माता मानने की भावना हमें सर्वप्रथम वेदों में ही उपलब्ध होती है।[5] इसी प्रकार अपनी जन्मभूमि को अपनी मातृभूमि कहकर सम्बोधित करने की शिक्षा भी हमें वेदों से ही मिलती है[6]। कई हजारों साल पुरानी भारतीय सभ्यता का समाज आज भी

1. दुर्गादतशास्त्री; तर्जनी ९.३४, पृ. २६२
2. दुर्गादतशास्त्री, तर्जनी १०.५, पृ. २८२ हरिणा रच्यते सृष्टिर्हरिणा पाल्यते तथा। हरिणा हियते चेयं हरिजनों भवाम्यहम्।।
3. सागरे सरितां गत्वा यथा संज्ञाऽपगच्छति।
   एवं सकलधर्माणां हरौ नाम निमज्जति।। दुर्गादतशास्त्री, तर्जनी, १०.४१
4. जानीयां सकलं राष्ट्रं स्वकीयमेव माधव।
   प्रान्तविवादमुत्पाद्य नाहं जीवितुमुत्सहे।। दुर्गादत्तशास्त्री, तर्जनी, ११.१४
5. तन्नो वातो मयोभु वातु भेषजं तन्माता पृथिवी तत् पिता द्यौः।
   तद्ग्रावाणः सोमसुतो मयोभुवस्तदश्विना श्रृणुतं धिष्ण्या युवम्। ऋग्वेद, १.८९.४
6. इन्द्रो यां चक्र आत्मनेऽनमित्रां शचीपतिः।
   सा नो भूमिर्विसृजतां माता पुत्राय मे पयः।। अथर्ववेद, १२.१.१०

बहुत पुराना और जटिल प्रकृति का है। अपनी लम्बी ऐतिहासिक अवधि के दौरान, भारत बहुत से उतार चढ़ावों और अप्रवासियों के आगमन का गवाह है; जैसे आर्यों का आगमन, मुस्लिमों का आगमन आदि। ये लोग अपने साथ अपनी जातीय बहुरूपता और संस्कृति को लेकर आए साथ ही भारत की विविधता, समृद्धि व जीवन शक्ति में अपना योगदान दिया। भारत की इस विविधता ने एकसूत्रता को ही राष्ट्र का प्राण माना, अतः भारतीय समाज विविध संस्कृतियों, लोगों, विश्वासों, मान्यताओं का जटिल मिश्रण है जो कि इस देश का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा और त्यौहार उत्सवों की विविधता के पीछे सांस्कृतिक समरसता का तत्त्व दृष्टिगोचर होता है। परन्तु आधुनिक समाज की परिस्थिति पूर्व की अपेक्षा विपरीत दिशा की ओर अग्रसर होती जा रही है। अतः शास्त्री जी द्वारा इस काव्य के माध्यम से एक स्वच्छ नागरिक के चरित्र निर्माण पर बल देते हुए मानवता का संदेश जनमानस तक पहुंचा कर अन्त में चरित्रवान नागरिक ही आदर्श राष्ट्र का निर्माण कर सकता है यह सिद्ध करने का प्रयास किया है। समाज में फैले विष को कवि ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज के समक्ष इन समस्याओं का वास्तविक एवं कुत्सित रूप प्रदर्शित करके इनसे बचने के लिए सावधान रहने की प्रेरणा देकर इन विषमताओं को जड़ सहित मिटाने का प्रयास किया है।

सन्दर्भग्रन्थसूची

1. अथर्ववेदसांहिता, संपादनम् एवं अनुवाद श्रीशचन्द्रवसुः, दिल्ली : मोतीलालबनारसीदासः, १९६२.
2. उपाध्यायः, रामजी, प्राचीन भारतीय साहित्य की सांथकृतिक भूमिका. इलाहबाद-९ : लोकभारती प्रकाशन, १५ ए. महात्मा गांधी मार्ग, १९६६.
3. उपाध्याय, बलदेव, वैदिक साहित्य और संस्कृति. वाराणसी : शारदा मांनदर, २९/१७ गणेश दीक्षित. १९६७.
4. ऋग्वेद संहिता, वा १,२,३,४ सम्पादन दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, जिला बलसाड, ति.न.
5. थापर, रोमिला. भारत का इतिहास. दिल्ली : राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटिड, नेताजी सुभाष मार्ग. १९८९.
6. दीक्षित, हरिनारायण. संस्कृत-साहित्य में राष्ट्रिय भावना. दिल्ली : ईस्टर्न बुक लिंकर्स, द्वितीय संस्करण, २००६.

7. शास्त्री, दुर्गादत. तर्जनी. होशियारपुर नलेटी, देहरा गोपीपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र., सं. २०१६.

8. शर्मा, केशवराम. हिमाचलप्रदेशे संस्कृतस्य प्रसारो-विकासश्च. शिमला: संस्कृत शोध संस्थान, भारती विहार, मशोबरा, १९८५.

9. शर्मा, ओमप्रकाश. संस्कृत साहित्य का हिमाचलप्रदेश को योगदान, दिल्ली: लक्ष्य साहित्य, २०१५

10. सेमवाल, पी.एन., पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के अतीत की झांकी, दिल्ली-७: सन्मार्ग प्रकाशन, १६-यू.बी., बैंग्लो रोड, १९८३.

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 15-16) ISSN : 0975-1769

सीतारामशास्त्री प्रणीत सीतारावणसंवादझरी - एक सर्वेक्षण

-डॉ. वत्सला

व्याख्याता (संस्कृत), राजकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, झालावाड़- 321001

[अस्मिन् शोधपत्रे लेखिकया सीतारामशास्त्रिप्रणीतस्य सीतारावण-संवादझरीकाव्यस्य वैचित्र्यं प्रस्तुतम्। वैचित्र्यप्रधानमिदं काव्यम्। तद् वैचित्र्यं चित्रालङ्कारनाम्ना व्यपदिश्यते। चित्रालङ्कारस्य समावेशः कथं कविना विहितः इति वर्णितः। -सं०]

प्रहेलिका प्रबन्ध काव्य 'सीतारावणसंवादझरी' के विश्लेषण के उपक्रम और उपसंहार से पूर्व 'प्रहेलिका' पर संक्षेप में प्रकाश डालना अति आवश्यक है। प्रहेलिका के विवेचन से 'सीतारावणसंवादझरी' का वैशिष्ट्य वैचित्र भलीभाँति प्रकाशित होगा।

संस्कृत साहित्य में आनन्द निष्यन्दनी कई विधाएँ युगों-युगों से अपने ज्ञान विज्ञान, काव्यत्व, वैचित्र्य, चमत्कार, अध्यात्म से सहृदय हृदयाह्लदक रही है। ऐसे ही वैचित्र्य, चमत्कृति और आनन्द का अजस्र स्रोत है शब्दालङ्कारों में अन्यतम 'चित्रालङ्कार[1]' और चित्रालङ्कार का एक विशिष्ट प्रकार है 'प्रहेलिका'।

'प्रहेलिका' का लक्षण प्रतिपादित करने से पूर्व 'चित्रालङ्कार' पर सूक्ष्म प्रकाश डालना समीचीन होगा। रमणीयता और विचित्रता ही चित्रालङ्कार की जननी है। चित्रकाव्य को चित्रालङ्कार का सर्वस्व नहीं माना जा सकता है। यद्यपि चित्ररचना अभ्यासार्थी मात्र का प्रवृत्ति विषय होने से उत्तम काव्य कोटि में नहीं आता है फिर भी प्रायः सभी कवि अपनी रचना में असाधारण वैशिष्ट्य के आधान हेतु कृतयत्न होते हैं। रस आदि से भिन्न अलङ्कार अधम काव्यत्व का

---

1. वक्रोक्तिरनुप्रासो यमकं श्लेषस्तथा परं चित्रम्। शब्दास्यालङ्कारा...॥
-वामनं काव्यालङ्कार-2/13

प्रयोजक माना गया है[1]। आचार्यो में इस चित्रालङ्कार के प्रति अनुराग नहीं होता है। फिर भी अक्षर के विन्यास की योजना (विशेषता) जो विस्मय को उत्पन्न करती है वही चित्त को अपनी ओर खींचती है।[2] इसीलिए **'चित्तं राति इति चित्रम्'** अर्थात् चित्र को अपनी ओर आकर्षित करने के कारण इसे चित्रालङ्कार कहते हैं। यह व्युत्पत्ति सर्वथा उपयुक्त है। इसीलिए अवर काव्य होने पर भी चित्रकाव्य विद्वानों को अत्यन्त ईप्सित है। यही कारण है कि कवियों ने चित्रालङ्कारों से युक्त विविध काव्यों की रचनायें की हैं और काव्यशास्त्रियों ने अपने-अपने मन्तव्य से अपने-अपने ग्रंथों में इसके लक्षण और भेदोपभेदों की बहुधा चर्चा की है।

प्रहेलिका का सामान्य लक्षण है- **'प्रहेलिका तु सा ज्ञेया वचः संवृतकारि यत्'**[3] अर्थात् जिसमें कुछ छिपाकर कहा जाय। इसका प्रख्यात नाम पहेली है जो अति प्रसिद्ध है। प्रहेलिका शब्द प्र उपसर्ग पूर्वक अभिप्राय सूचनार्थक हिल् धातु से कन् तथा टाप् प्रत्यय लगाने ने बना है। **"प्रहिलति अभिप्रायं सूचयतीति- प्रहेलिका"** अर्थात् कूटार्थभाषित का कथन करने वाली रचना प्रहेलिका कहलाती है। **अमरकोषकार** ने प्रहेलिका के लिए 'प्रवल्का' तथा 'प्रहेलिका' दो शब्दों का प्रयोग किया है। लक्षणकारों ने भी इसी अर्थ की पुष्टि प्रायः की है:-

व्यक्तीकृत्य कमप्यर्थं स्वरूपार्थस्य गोपनात्।
यत्र बाह्यान्तरावर्थौ कथ्येते सा प्रहेलिका।।[4]

किसी अर्थ को प्रकट करके स्वरूपार्थ को गोपन करने से जहाँ बाह्य तथा आभ्यन्तर अर्थ का कथन हो, वह प्रहेलिका है।

मित्रों में, सभा में अथवा गोष्ठी आदि मे मन्त्रणा आदि के लिए दूसरों को स्पष्ट ज्ञान न होने देने की भावना से ऐसी वचनावलि का प्रयोग मानव की जन्मजात प्रवृत्ति में रहा होगा। समाजिकता की सम्पृक्तता के साथ इस प्रवृत्ति का नामकरण हुआ और शनैः शनैः शास्त्रीय दृष्टि से इसके लक्षण निर्धारित किए गए।

---

1. रसभावादिविषयविवक्षाविरहे सति।
   अलङ्कारनिबन्धो यः स चित्रविषयो मतः॥
   - आनन्दवर्धन -ध्वन्यालोक- पृष्ठ संख्या 3/..
2. नीरसत्वेऽपि विदग्धानां महोत्सवः। -अग्नि पुराण- 343/32
3. काव्यादर्श- दण्डी- पृष्ठ संख्या-263
4. अमरकोष- मणिप्रभा हिन्दी टीका पृष्ट संख्या-58 के नीचे लिखित टिप्पणी से।

शब्दाह्वय ज्योति से भुवनत्रय को ज्योतिर्मय रखने वाले शब्दालङ्कारों में प्रहेलिका नामक अलङ्कार प्रभेद वैदिक मंत्रों की गोद में पलकर उत्तरवर्ती साहित्य में पल्लवित और पुष्पित हुआ। अलङ्कार की शास्त्रीय परम्परा का सूत्रपात महर्षि भरत के **'नाट्यशास्त्र'** से हुआ है। किन्तु इसमें प्रहेलिका का नामोल्लेख नहीं है। **'भामह'** हेय-यमक के सम्बन्ध में सूचना करने के व्याज से प्रहेलिका की चर्चा करते हैं।-

नाना धात्वर्थ- गम्भीरा यमक-व्यपदेशिनी।
प्रहेलिका सा ह्युदिता रामशर्माच्युतोत्तरे।।[1]

ऐसा लक्षण भामह देते हैं किन्तु कोई उदाहरण प्रस्तुत नहीं करते हैं। वे लिखने हैं कि रामशर्मा के अच्युतोत्तर में इसके उदाहरण हैं। अच्युतोत्तर का तात्पर्य विष्णुधर्मोत्तरपुराण से माना गया है। **विष्णुधर्मोत्तरपुराण** के तीसरे काण्ड के 14वें अध्याय में शब्दालङ्कारों की चर्चा है। यह अध्याय मार्कण्डेय-वज्र-संवाद के रूप में अलङ्काराध्याय नाम से निर्दिष्ट है। सोलहवें अध्याय में प्रहेलिकाओं का लक्षण सहित विवेचन हुआ है। पुराणकार ने प्रहेलिका के बाईस भेद तथा लक्षण दिए हैं-

काव्ये येऽभिहिता दोषाः कैश्चिद् तेभ्यः प्रहेलिकाः।
कर्तव्याश्च तथैवान्यास्तासां वक्ष्यामि लक्षणम्।।[2]

श्लोकेनैकेन द्वाभ्यां वा कर्तव्यास्तु नरोत्तम।
न कर्त्तव्याश्च ता राजन्! बहुश्लोकनिबन्धना।।[3]

इस पुराण में उपलब्ध प्रहेलिका भेद व लक्षण के आधार पर ही अग्रवर्ती आंलकारिक आचार्यों ने परिवर्तन, परिवर्धन तथा संशोधन कर प्रहेलिका अलङ्कार का वितान किया है। आचार्य दण्डी शब्दालङ्कार सम्प्रदाय के प्रमुख समर्थक है। प्रहेलिका के वैविध्य पर **आचार्य दण्डी** का मन्तव्य उत्तम है:-

क्रीडागोष्ठीविनोदेषु तज्ज्ञैराकीर्णमन्त्रेण।
परव्यामोहने चापि सोपयोगाः प्रहेलिकाः।।[4]

आचार्य दण्डी ने **'काव्यादर्श'** के तृतीय परिच्छेद में 16 प्रहेलिकाओं प्रकारों का विशद विवेचन किया है। **उद्भट** और **वामन** प्रहेलिकाओं का

---

1. काव्यालङ्कार- भामह-2/13
2. विष्णुधर्मोत्तर पुराण- 16/1
3. तत्रैव- 16/2
4. काव्यादर्श-दण्डी-3/97

उल्लेख तक नहीं करते हैं। **'रुद्रट'** प्रहेलिका का लक्षण करते हुए लिखते हैं:-

मात्रा बिन्दुच्यवनादन्यार्थत्वेन तच्च्युते नाम।
स्पष्टप्रच्छन्नार्था प्रहेलिकाव्याहृतार्था च॥[1]

रुद्रट प्रहेलिका के दो भेद करते हैं:-1- स्पष्टप्रच्छन्नार्था (जिसमें प्रश्न में ही उत्तर स्पष्टत: प्रच्छन्न हो) 2- अव्याहृतार्था (जहाँ अर्थ साक्षात् कथित न हों)।

'अग्नि पुराण' का 343वॉ अध्याय शब्दालङ्कार है। शब्दालङ्कार के नौ भेदों में आठवॉ भेद 'चित्र अलङ्कार है और चित्रालङ्कार के सात उपभेदों में दूसरा स्थान प्रहेलिका' को दिया गया है। **अग्नि पुराणकार** के अनुसार:-

गोष्ठयां कुतूहलाध्यायी वाग्बन्धश्चित्रमुच्यते।
प्रश्नः प्रहेलिका गुप्तं च्युतदत्ते तथोभयम्॥
समस्या सप्त तद्भेदा नानार्थस्यानुगताः।[2]

सर्वप्रथम अग्निपुराण में प्रहेलिका के दो भेदों का प्रतिपादन किया गया है:-

द्वयोरप्यर्थयोर्गृह्यमानशब्दा प्रहेलिका।
सा द्विधार्थी च शाब्दी च तत्रार्थो चार्थबोधतः॥[3]

जिसमें दोनों अर्थो के वाचक शब्द गूढ़ होते हैं उसे प्रहेलिका कहा जाता है। अग्नि पुराण में प्रहेलिका को शाब्दी और आर्थी के रूप में दो भेदवाली तथा अन्य 6 उपभेदों में वर्णित की गयी है किन्तु नाम तथा उदाहरण नहीं दिए गए हैं। विष्णुधर्मोत्तर पुराण का निकटवर्ती होने से अग्निपुराण की उपभेद रूप प्रहेलिकाएँ अवश्य ही उसके 22 भेदों में छ: रही होगी।

श्री भोजदेव रचित **'सरस्वतीकण्ठाभरण'** अलङ्कारशास्त्र का प्रौढ़ ग्रन्थ है और अग्नि पुराण से पूर्णतया प्रभावित है। **'सरस्वतीकण्ठाभरणकार'** ने प्रहेलिका को **'बुझौवल'** कहा हैं। जिन भेद प्रभेदों की चर्चा अग्निपुराण में है उन्हें सर्वाधिक महत्त्व भोज ने ही दिया है किसी अन्य आचार्य ने नहीं। भोज ने 24 शब्दालङ्कारों का सोदाहरण विवेचन किया है। जिनमें प्रहेलिक स्वतन्त्र रूप से 18वें

---

1. रुद्रट-काव्यालङ्कार-4/25
2. अग्निपुराण- 343/22
3. अग्नि पुराण- 343/25

स्थान को प्राप्त है। भोज ने प्रहेलिका का लक्षण दण्डी से यथावत् ले लिया है।[1] जबकि इसके 6 भेद दण्डी से पूर्णतः पृथक् दिए हैं। उनमें च्युत चित्रालङ्कार के ही तीन भेद-1- च्युताक्षरा, 2- दत्राक्षरा, 3-च्युतदत्ताक्षरा है और अन्य तीन हैं-1- अक्षरमुष्टी 2- नामाक्षरमुष्टि 3- बिन्दुमती च्युताक्षरा और दत्ताक्षरा का प्रयोग **'सीतारामशास्त्री'** ने **'सीतारावणसंवादझरी'** में किया हैं।

विश्वनाय कविराज ने अपने **'साहित्यदर्पण'** में प्रहेलिका और च्युताक्षरादि को चित्रालङ्कार काव्यान्तर्गतभूत और रसपरिपन्थिनी कहा है:-

रसस्य परिपन्थित्वान्नालङ्कारः प्रहेलिका।
उक्तिवैचित्र्यमात्रं सा च्युतदत्ताक्षरादिका॥[2]

प्रहेलिका का आविर्भाव तिरोभावात्मक अनुशीलन अर्थात् प्रहेलिका अलङ्कार का आविर्भाव विचारों की प्रारम्भिक जटिलता की स्थिति में उन्हीं विचारों के विश्लेषण से समाधान मिल जाने पर होता है। वाच्य वाचक विशिष्टता में गोपनीय प्रवृत्ति का समावेश उपस्थित करके विशेष बोध से वाच्यांश का प्रकाशन हो जाना ही प्रहेलिका का गुण है। प्रहेलिका और उसके भेदों का समाश्रयण कर सीतारामशास्त्री ने प्रबन्ध की रचना की है।

ग्रन्थ एवं ग्रन्थकारः- सृष्टि की सर्वोत्कृष्ट स्त्रीरत्न सीता का चरित सहस्राब्दियों से नित्य नये कलेवरोन्मेष के साथ महाकवियों के रसपरिग्रहवती प्रतिभा से उन्मीलित किया जाता रहा है। प्रस्तुत ग्रंन्थ 'सीतारावणसंवादझरी भी अखिल ब्रह्माण्ड की आदर्शभूता सीता के पातिव्रत्य का आश्रयणकर विचित्र चित्र चातुरी से चमत्कृत संस्कृत साहित्यागार का विशिष्ट अद्वितीय अलङ्करण है। संस्कृत वाङ्मय में मुक्तक काव्य प्रकार के रूप में प्रहेलिका प्रकारों च्युताक्षरा, दत्ताक्षरा, प्रतिदत्ताक्षरा का उल्लेख बहुत से ग्रंथों में दिखायी देता है किन्तु प्रहेलिका की विच्छित्रि से विलसित तथा प्रहेलिका प्रकारों को लेकर इदम्प्रथमतया प्रणीत प्रबन्ध काव्य' 'सीतारावणसंवादझरी' है।

प्रहेलिका पद्धति से प्रबन्ध काव्य की व्यापकता **'सीतारावणसंवादझरी' नामक तीन कृतियों में दिखलायी पड़ती है।** प्रथमकृति मैसूर राज्य के श्री

---

1. प्रहेलिका सकृत्प्रश्नः साऽपि षोढा च्युतक्षरा।
   दत्ताक्षरोभयं मष्टिर्बिन्दुमत्यर्थवत्यपि॥
   क्रीड़ागोष्ठीविनोदेषु तज्ज्ञैराकीर्णमन्त्रणे।
   परव्यामोहने चापि सोपयोगा प्रहेलिका॥ भोजदेव-सरस्वतीकण्ठाभरण-2/133-134
2. विश्वनाथ साहित्यदर्पण-10/13

चामराजनगर के श्री राम शास्त्री प्रणीत 'सीतारावणसेवादझरी' का पूर्वभाग है। द्वितीय कृति भी मैसूर राज्य के श्री सीतारामशास्त्री प्रणीत 'सीतारावणसंवादझरी' का उत्तरभाग है। पूर्वभाग का प्रकाशन 1905 में मैसूर राज्य के कोषागार से किया गया था तथा उत्तरभाग का प्रकाशन 1919 में मैसूर राज्य के कोषागार से किया गया है। तृतीय कृति आन्ध्र प्रदेश के श्री बच्चु सुब्बाराय कृत अभिनव सीतारावणसंवादझरी है। तीनों ही कृतियों में वाल्मीकि के द्वारा वर्णित सीतारावणसंवाद का प्रसंग ही प्रबन्ध का मुख्य विषय है। प्रहेलिका की सरणि का अनुसरण करके सर्वप्रथम प्रबन्ध काव्य की रचना कर्णाटक प्रदेश से आरम्भ हुई। यह प्रहेलिका प्रबन्ध भारत के दक्षिण भाग (मैसूर, कर्णाटक) में तो उपलब्ध होता है। लेकिन भारत के अन्य भागों में यह गंथ अप्राप्य रहा है। संस्कृत साहित्य के इतिहास ग्रन्थों में भी इसका उल्लेख नहीं मिलता है।

'सीतारावणसंवादझरी' प्रहेलिका प्रबन्ध के उत्तरभाग के रचयिता पंडित श्री सीतारामशास्त्री प्रथम प्रहेलिका प्रबन्धकार श्री चामराजनगर रामशास्त्री के शिष्य थे अपने गुरु के संकल्प की पूर्ति के लिए उसी प्रकार के प्रहेलिका चमत्कार सम्पन्न तथा अर्थ पुष्टिपुत सीतारावणसंवाद से युक्त पचास पद्यों की रचना 1906 में की थी। इन्होंने अपनी कृति को गुरुविरचित 'सीतारावणसंवादझरी' के उत्तरभाग के रूप में संयुक्त किया।[1]

तृतीय 'अभिनव सीतारावणसंवादझरी' की रचना भी श्री चामराजनगर रामशास्त्री के संकल्प की पूर्ति के लिए श्री बच्चु सुब्बराय गुप्त ने की। अपने ग्रंथ की समाप्ति पर उन्होंने ग्रंथ रचना की प्रवृत्ति के विषय में निर्दिष्ट किया है।[2]

सीतारामशास्त्री ने साहित्यशास्त्र का ज्ञान श्री चामराजनगर रामशास्त्री से प्राप्त किया था।[3] सीतारामशास्त्री मैसूर राज्य के सभा पंडित थे। संस्कृत साहित्य

---

1. यद् गूढार्थयुतान् शतं रचायितुं श्लोकान् स्वसङ्कल्पितान्
   शक्तोऽप्यत्र भवान् स्वविश्रामभिषादर्धं परार्थं जहौ।
   युक्तं तस्य विमत्सरस्य हि परप्रोत्साहनशीलस्य तद्
   धन्यास्स्यां भुवने कथं न्वहमिह प्राप्तवकाशो न चेत्॥
   -सीतारावणसंवादझरी आचार्य रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या-45
2. पूरित मयेदानीं प्रतिज्ञा रामशास्त्रिणः।
   शतार्द्धश्लोकसयुंता कृतिरियं भूयान्मुदे सताम्॥
   -सीतारावणसंवादझरी- आचार्य रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या- 09
3. यत्सेवया मे परमां साहित्यज्ञानसम्पदमदात्रम।
   वन्दे सीतारावणसंवादझरी यशोझरीललितम्॥
   - सीतारावणसंवादझरी- आचार्य रमेश चतुर्वेदी - पृष्ठ संख्या-43

रूपी सागर में पारङ्गत होने के साथ ही ये कन्नड़ भाषा के भी पारङ्गत विद्वान थे। दोनों ही भाषाओं में इन्होंने अपनी प्रतिभा को प्रकट किया है।[1] ये वैष्णव भक्त थे। इनका जन्म कर्णाटक प्रदेश की राजधानी मैसूर नाम नगर में हारित नामक ब्राह्मण कुल में हुआ था। इनके पिता श्री रामभट्ट 'गुण्डावधानी' इस नाम से विख्यात थे। इनकी माता का नाम पार्वती था। ग्रन्थकार ने ग्रन्थं में उल्लेख किया है:-

'यस्य श्रीरामभट्टो हरितकुलपयोराशिराकासुंधाशु
ख्यातो गुण्डावधानीत्यपि विबुधकुलोत्तं सकस्तात आसीत्।
मातापार्वत्यभिख्या महितकुलवधूसन्निधौ कीर्तनीया
सीतारामस्य सीतारमणकरुणया वागियं तस्य जीयात्॥[2]'

मैसूर राज्य के शासक श्री कृष्णराज ने कविवर श्री सीतारामशास्त्री को राज्यसभा के पण्डित पद पर सम्मानित किया था। कविवर वैष्णव सम्प्रदाय के अनुयायी थे ऐसा ग्रन्थ के आरम्भ में प्रस्तुत मंगलाचरण के पद तथा ग्रन्थ के अन्त में प्रकाशित क्षमा प्रार्थना से सुस्पष्ट ज्ञात होता है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में कविवर ने लिङ्ग वचन श्लेष के चमत्कृति से युक्त अपने ईष्टदेव का स्मरण किया है।[3] भगवान सीताराम के प्रति श्री सीतारामशास्त्री के हृदय में विशिष्ट भक्तिभव विराजमान था। इस ग्रंथ में रावण वचन विन्यास के रूप में निरूपित राम निन्दा को अपराध रूप मानते हुए कवि ने विनयपूर्वक अपने इष्टदेव सीताराम से क्षमा याचना की है तथा ग्रन्थ के समापन में भी श्री राम का स्मरण

---

1. आस्वाद्याऽत्र चमत्कृतिर्ममकृतौ या क्वापि वर्तेत चेत्,
   सर्वां तद्वदनारविन्दगलितां तां भावयेऽहं हृदि।
   मां प्रीत्या सुकवित्ववर्त्मनि चिरं संचारयन् संस्कृते,
   कर्णाटकेऽपि स हि प्रबन्धरचनाप्रावीण्यं भाजं व्यधात्॥
   – सीतारावणसंवादझरी– आचार्य रमेश चतुर्वेदी– पृष्ठ संख्या 44
2. सीतारावणसंवादझरी– आचार्य रमेश चतुर्वेदी– पृष्ठ संख्या–44
3. कल्याणं दुहती सदा प्रणमतां हृइञ्जनं कुर्वती
   संस्मृत्या पुनती जगन्मुनिमनस्सिंहासने भास्वती।
   भव्यज्ञानविवर्धिनी बहुविधक्लेशौधविध्वंसिनी
   सीतारामपदाम्बुजे कलयतां श्रेयांसि नः॥
   – सीतारावणसंवादझरी– आचार्य रमेश चतुर्वेदी– पृष्ठ संख्या–44

किया है।[1] ग्रन्थकार ने ग्रन्थ के उत्तरभाग के रचनाकाल को इन शब्दों में निर्दिष्ट किया है:-

'साष्टेपञ्चसहस्त्रेषु कल्यब्देषु गतेष्विह
प्लवङ्गाब्दे ज्येष्टकृष्णाद्वितीया गुरुवासरे।
सीतारावणसंवादझर्या भागोऽयमुत्तरः
प्रसादाज्जानकीजानेरगमत्परिपूर्णताम्'।।[2]

'सीतारावणसंवादझरी' इस ग्रन्थ का प्रकाशन परिमल प्रकाशन, दिल्ली से 2012 में आचार्य रमेश चतुर्वेदी के सम्पादकत्व में हुआ है। इस संस्करण में रमेश चतुर्वेदी ने रामशास्त्री तथा सीतारामशास्त्री उभय प्रणीत 'सीतारावणसंवादझरी' प्रहेलिका पथ शती को हिन्दी व संस्कृत व्याख्या के साथ प्रस्तुत किया है।

ग्रन्थ का स्वरूप और कथानकः- 73 पद्यों में प्रबन्ध काव्य के उत्तरभाग की रचना कवि ने की थी। जिनमें से 50 पद्यों में प्रहेलिका चमत्कार से सम्पन्न निगूढ अर्थो से युक्त सीतारावणसंवाद वर्णित है तथा अन्य पद्यों में ग्रन्थ रचना की प्रवृत्ति आदि विषय निरूपित है। यद्यपि कथानक के निबन्धन में कवि ने गुरु द्वारा विरचित सीतारावणसंवादझरी कृति के पूर्वोत्तर पीठिका को ही अपने कृति के पूर्वोत्तर पीठिका के रूप में स्वीकार किया है फिर भी सीतारावणसंवाद प्रकाशन के पहले कविवर ने कथा प्रसङ्ग के रूप में रामायण के वृत्त को संक्षेप में एक पद्य में प्रस्तुत किया है:-

'श्रीरामे दूयमाने स्वयुवतिविरहाल्लब्धसुग्रीवसख्ये
एष श्रीमान् हनुमान् झटिति जलधिमुत्तीर्य लङ्कां प्रविश्य।
दृष्ट्वोद्यानेऽथ सीतां सुचरितमहितां रावणस्यापि तस्याः
श्रुत्वा संवादमेतं सपदि सविनयो राममेत्याबभाषे।।[3]'

उपर्युक्त पद्य के पश्चात् प्रहेलिका चमत्कार से युक्त पचास पद्यों में हनुमान द्वारा कहे गये सीतारावणसंवाद को राम के समक्ष कहकर कविवर ने पुन एक पद्य में लङ्का विजय के प्रयाण आदि का रामचरित संक्षेप में निर्दिष्ट किया

---

1. साकेतसमुद्रमूरधिवसन् योगीन्द्रहृन्नन्दनं
   पूर्णः कान्ति सुभैश्शिश्रीतावनफलास्त्रय्यालवालाञ्चितः।
   सत्कारुण्यरसोज्जवलो जनकजाच्छायाभिरामोऽनिशं
   श्रीमान् दाशरथिः प्रकल्पयतु नः काल्याणपारम्परीम्॥
   - सीतारावणसंवादझरी- आचार्य रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या-45
2. सीतारावणसंवादझरी- आचार्य रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या-46
3. तत्रैव- पृष्ठ संख्या-47

है:-

'श्रुत्वा वादमिमं समीरजमुखाद्रामः क्रुधा रावणे
सुग्रीवप्रमुखैः प्रयाय जलधौ निर्माप्य सेतुं शुभम्।
लङ्कामेत्य निहत्य रावणमुखांतस्तां प्राप्य सीतां स्तुताम्
साकेतं समुपेत्य सोदरयुतः पृथ्वीं चिरादन्वशात्॥'[1]

ग्रन्थ के प्रतिपाद्य सीतारावणसंवाद को विस्तारपूर्वक और अन्य रामायणीय कथा को दो पद्यों में संक्षेप में प्रस्तुत करके कविवर ने संवाद के प्रसंग में रावण की उक्ति में रामनिन्दा रूप वाक्य विन्यास को पाप रूप मानते हुए राम से क्षमायाचना की हैं और ग्रंथ के पूर्ण होने का निर्देश करके काव्य सूचना के क्लेश को प्रकाशित किया है।[2] ग्रन्थ की रचना में कवि ने छः छन्दों का प्रयोग किया है। परन्तु अपने गुरु के संकल्प की पूर्ति के लिए ग्रन्थ के उत्तरभाग में कवि ने शार्दूलविक्रीडित छन्द का सर्वाधिक प्रयोग किया है। कवि का अतिशय प्रयुक्त छन्द शिखरिणी है। इसका प्रयोग ग्रन्थ में 15 बार किया है। स्रग्धरा का प्रयोग 11 बार किया है। अनुष्टुप् वृत्त पाँच पद्यों में प्रयुक्त है। दो पद्यों की निर्मिती आर्या वृत्त में है। मालिनी छन्द का प्रयोग एकबार किया है।

सीतारावणसंवाद पद्यों का वैशिष्ट्यः- श्री सीतारामशास्त्री ने प्रहेलिकामय सीतारावणसंवाद की प्रस्तुति के प्रसंग में एक विशिष्ट चमत्कार का सन्निवेश किया है जो अन्यत्र प्रहेलिका साहित्य में अप्राप्य है। चमत्कारधान हेतु कवि ने विशिष्ट शब्द योजना की है। रावण द्वारा कथित शब्दावली में प्रयुक्त वर्ण विशेष के लोप के कारण या वर्ण विशेष स्थापना के कारण अथवा वर्ण विशेष के स्थान पर दूसरे वर्ण के प्रयोग से उन शब्दावलियों का विपरीत अर्थ उत्पन्न हो जाता है जिसके कारण उन शब्दावलियों से सीता के अभिप्रेत राम की प्रशंसा और रावण की निन्दा, रावण के वाक्य से ही प्रतिपादित हो जाती है। पद्यों की संरचना में कविवर ने अपने गुरु के द्वारा प्रदर्शित सरणि का ही अनुसरण करते हुए निगूढ अर्थ से युक्त सीतारावणसंवाद युक्त 22 पद्यों च्याविताक्षर प्रहेलिका चमत्कार को, 26 पद्यों में प्रतिदत्ताक्षर प्रहेलिका चमत्कार को तथा, दो पद्यों में दत्ताक्षर प्रहेलिका चमत्कार को प्रकाशित किया है। इस प्रकार ग्रन्थकार ने सीतारावणसंवादझरी के

---

1. तत्रैव- पृष्ठ संख्या-47
2. ईदृग्दुष्करचित्रबन्धरचनाक्लेशं विजानाम्यहं
   सर्वज्ञो भगवान् स वेत्ति स च मे साहित्यविद्यागुरुः।
   चित्रेनावहितेन मे कृतिमिमां दृष्ट्वा रसास्वादनात्
   संतुष्टा रसिका बुधा अपि विदुर्जानीयुरन्ये कथम्॥ तत्रैव- पृष्ठ संख्या-47

उत्तरभाग में प्रहेलिका के च्युताक्षरा, दत्ताक्षरा तथा प्रतिदत्ताक्षरा संज्ञक तीन प्रकारों का प्रयोग किया है।

च्युताक्षरा के प्रयोग में वैशिष्ट्यः- श्री सीतारामशास्त्री ने सीतारावणसंवादझरी के उत्तरभाग में निगूढार्थ सम्पन्न पौलस्त्य जानकी संवाद को प्रस्तुत करने के लिए 22 पद्यों में च्युताक्षरा प्रहेलिका के चमत्कार को विविध रूप में प्रस्तुत किया है। कई पद्य व्यञ्जना च्युति चमत्कार से युक्त है। चार पद्यों में 'प्र' एवं 'सम' इन दो उपसर्गो के द्वारा चमत्कार को दर्शाया है।

च्युताक्षरा का लक्षणः-

कस्मिंश्चिच्च्यावि‌ते वर्णे यत्रार्थोऽन्यः प्रतीयते।
चित्रं तदेव विज्ञेयं च्याविताक्षरनामकम्॥[1]

किसी वर्ण के च्युत किए जाने पर (किसी वर्ण के हटाने से) जहाँ अन्य अर्थ की प्रतीत होती है उसको च्याविताक्षर नामक चित्रालङ्कार जानना चाहिए।

च्युताक्षरा का उदाहरणः- वर्ण चित्र रचना के कुशल प्रयोक्ता कवि ने उपसर्ग के लोप से युक्त रावण सीता की उक्ति प्रत्युक्ति को निम्नपद्य में दर्शाया है:-

'हे सीते मतिसंभ्रमो मम यथा कार्येषु पत्युर्न ते
सर्वत्रापि निजोद्यमेषु स खलु ख्यातो महासंशयः।
किंचाख्यान्ति तमत्र दुष्टजनसंधाते निबद्धादरम्
क्रव्यादाधम किं नु वा प्रलप नो सम्प्रीतिरत्रस्ति मे॥[2]'

सीता के निर्देशानुसार रावण के द्वारा तीन बार उक्त 'सम्' उपसर्ग वर्ण का लोप करने पर पदावली इस प्रकार हो जाती है:-

हे सीते मतिभ्रमो मन यथा कार्येषु पर्त्युन ते
सर्वत्रापि निजोद्यमेषु स खलु ख्यातो महाऽऽशयः।
किंचाख्यान्ति तमत्र दुष्टजनद्योत निबद्धादरम्॥

रावण ने सीता से स्वप्रशंसा करते हुए कहा- हे सीते! जिस प्रकार मैं स्वकर्तव्यों में मति संभ्रम (शीघ्र निश्चय) करता हूँ वैसे राम नहीं करता है। वह अत्यधिक संशयवान निश्चित रूप से विख्यात है तथा लोग उसे दुष्टजनों के संघात (समुदाय) में लगाव रखने वाला बताते हैं।

---

1. सीतारावणसंवादझरी- राजारामशुक्ल- पृष्ठ संख्या-18
2. सीतारावणसंवादझरी- आचार्य रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या- 112/60

सीता ने उत्तर दिया है राक्षसाधम! तू जो चाहे वह सब बोल मुझे तेरे कथन में सम्प्रीति (लगाव) नहीं है। प्रस्तुत श्लोक में सम उपसर्ग से युक्त सीता के वचन में निगूढ़ अर्थ विद्यमान है। सीता कहती है हे राक्षसाधम! तू सम वर्ण का परित्याग कर बोल। सम वर्ण का लोप करने पर रावण के द्वारा कहे गये अपने गुणों को प्रकट करने वाले वाक्य इस प्रकार परिवर्तित हो जाते हैं:-

हे सीते! जैसे मुझे स्वकर्तव्यों से मतिभ्रम (भ्रान्ति) हो जाती है उस प्रकार राम को नहीं। वह राम लोक में महाशय (उदारमना) विख्यात है तथा लोग उसे दुष्टजनों के घात (हनन) करने में श्रद्धावान् बताते हैं।

प्रतिदत्ताक्षरा के प्रयोग में वैशिष्ट्य- कवि ने प्रतिदत्ताक्षरा नामक प्रहेलिका प्रकार का सर्वाधिक निदर्शन प्रस्तुत करते हुए उसकी विविध विच्छित्ति को प्रकाशित किया है। इस प्रबन्ध में निगूढार्थ सम्पन्न पौलस्त्य जानकी संवाद को उपस्थित करते हुए कविवर ने 26 पद्यों में प्रतिदत्ताक्षरा का प्रयोग किया है। राम की निन्दा परक तथा रावण के आत्मप्रशंसापरक वचनों में सीता के निगूढ संकेत के अनुसार रावण के वचन से वर्ण विशेष के हटाने पर उस वर्ण के स्थान पर सीता निर्दिष्ट वर्ण स्थापित करने पर राम निन्दा के स्थान पर राम प्रशंसा ज्ञात होती है उसी प्रकार रावण प्रंशसा के स्थान पर उसकी निन्दा ज्ञात होती है। इस प्रकार विपरीत अर्थ प्रतिपादन रूप चमत्कार वर्ण प्रतिदान रखने से ज्ञात होता है।

प्रतिदत्ताक्षर का लक्षणः-

च्यावितस्यास्पदेऽन्येन प्रतिदत्तेन केनाचित्।
प्रतीयतेऽन्यो यत्रार्थः प्रतिदत्ताक्षरं हि तत्॥[1]

च्युत किए गए (हटाए गए) अक्षर के स्थान पर किसी अन्य के द्वारा दिए अक्षर से जहाँ अन्य अर्थ की प्रतीति होती है उसको प्रतिदत्ताक्षर नामक चित्रालङ्कार जानन चाहिए।

प्रतिदत्ताक्षरा का उदाहरणः- वर्णचित्र रचना के निपुण सीतारामशास्त्री ने स्वरव्यञ्जन प्रतिदान से युक्त संवाद को निम्न पद्य में दर्शाया है:-

'सपक्षं मां चित्ते कलय ननु राकेन्दुवदने
दृशा पश्यत्वं मां सपदि दृढकामं सदयया।
मदीयं व्याहारं कुरु निखिलमप्यद्य सफलं
जनस्याश्रव्यं ते वच इह सतो विप्रियमरे॥[2]'

---

1. सीतारावणसंवादझरी- राजारामशुक्ल- पृष्ठ संख्या-20
2. सीतारावणसंवादझरी- आचार्य रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या-123/66

सीता के निर्देशानुसार 'स' के स्थान पर 'वि' का प्रयोग करने पर रावण द्वारा गयी पदावली इस प्रकार हो जाती है:-

विपक्षं मां चित्ते कलय ननु राकेन्दुवदने
दृशा पश्य त्वं मां विपदि दृढकामं विदयया।।
मदीयं व्याहारं कुरु निखिलमप्यद्य विफलम्।

रावण ने सीता से कहा- हे पूर्णचन्द्रमुखि! मुझे अपने अनुकूल जान। अपने प्रति दृढाभिलाषी मुझे शीघ्र ही दयापूर्ण दृष्टि से देख। मेरी सम्पूर्ण प्रार्थना को अब शीघ्र ही सफल कर दे। सीता ने उत्तर दिया रे नीच! तेरा यह अश्रोतव्य वचन सतो विप्रिय अर्थात् सज्जनों को अनभिमत है। सीता को इस प्रत्युक्ति का निगूढार्थ है कि तेरी उक्ति में 'सकार' के स्थान पर 'वि' वर्ण का प्रयोग मुझे अभीष्ट है सीता के इस निगूढ निर्देशानुसार 'स' के स्थान पर 'वि' का प्रयोग करने पर परिवर्तित स्वरूप पदावली निम्न अर्थ का बोध कराती है:-

हे चन्द्रमुखी! मुझ रावण को अपना विपक्ष (अहितकारक) समझ। तू विपत्ति में दृढ़ानुरागी मुझ रावण को दयारहित दृष्टि से देख अर्थात् अत्यन्त विपदग्रस्त मेरी इन सभी प्रार्थनाओं को तू विफल (व्यर्थ) बना दे अर्थात् कुपित होकर मेरा तिरस्कार कर।

अधिदत्ताक्षरा के प्रयोग में वैशिष्ट्य- सीतारामशास्त्री ने दो पद्यों में अधिदत्ताक्षर चित्रालङ्कार के चमत्कार को दर्शाया है। त्रिपाद के आरम्भ में विशिष्ट पदों को प्रयुक्त किया है। पद के आरम्भ में वर्ण अथवा विवर्ण के संयोजन से स्वप्रंशसापरक रावण का कथन निन्दापरक तथा राम के निन्दापरक वाक्य प्रशंसापरक हो जाते हैं।

अधिदत्ताक्षर का लक्षण:-

कस्मिंश्चिदधिके वर्णे दत्तेऽर्थो यत्र भिद्यते।
अधिदत्ताक्षरं नाम चित्रं तदिति बुद्धयताम्।।[1]

किसी वर्ण के अधिक होने पर जहाँ दिया हुआ अर्थ भिन्न प्रतीत होता है उसको अधिदत्ताक्षर नामक चित्रालङ्कार जानना चाहिए।

अधिदत्ताक्षरा का उदाहरण- वर्ण चित्र रचना में दक्ष कविवर्य ने स्वर व्यञ्जन प्रतिदान चमत्कार से युक्त सीतारावण की उक्ति प्रत्युक्ति को निम्न पद्य में दर्शाया है:-

---

1. सीतारावणसंवादझरी- राजाराम शुक्ल- पृष्ठ संख्या-31

'चारानप्यात्मनीनान् परमकुशलधीरेष नैवाभिकांक्षेत्
पत्तिव्यूहैः पुरोगैर्जनकनृपसुते किं नु साहाय्यमस्य।
रंभातिप्रीतिकारिव्यहह परिलसत्येतदीयाऽकृतिश्रीः
सम्यग्विज्ञायतेऽदो वचनमनुपदं ते मुखाकारतो हि॥[1]'

सीता के निर्देश का अनुसरण करके रावण की उक्ति इस प्रकार परिवर्तित हो जाती है:-

आचारानप्यात्मनीनान् परमकुशलधीरेष नैवाभिकाङ्क्षेत्
आपत्तिव्यूहैः पुरोगैर्जनकनृपसुते किं नु साहाय्यमस्य।
आरम्भातिप्रीति कारिण्यहह परिलसत्येतटीया कृतिश्रीः॥

रावण ने सीता से कहा- हे जानकि! अत्यन्त कुशाग्रबुद्धि वाला यह रावण अपने हितकारी गुप्तचरों (चारों) की सहायता आकांक्षा नहीं करता है। इसे अपने आगे-आगे चलने वाले पदाति सैनिकों के समूह की सहायता की क्या अपेक्षा है? अर्थात् स्वयं शूरवीर यह रावण अकेला ही युद्ध जीत सकता है। इसकी विशिष्ट आकृति शोभा रम्भा के मन को भी लुभाने वाली है। यह सुनकर सीता ने उत्तर दिया- अरे दुष्ट! तेरे द्वारा भिन्न-भिन्न वाक्यों में प्रस्तुत तेरी ये विशेषताएँ तो तेरी मुखाकृति को देखने से ही ज्ञान हो जाती है। अपने गुणगण को बताने के लिए क्यों व्यर्थ ही बोल रहा है। सीता की इस प्रत्युक्ति में आये 'मुखाकार' शब्द का एक अन्य अर्थ प्रारम्भ में आये 'आ' वर्ण का प्रयोग ज्ञात होता है अर्थात् रे दुष्ट! तेरी इस त्रिपादात्मक उक्ति के प्रत्येक पाद के आरम्भ में (मुख) में आकार- 'आ' वर्ण की स्थापना से तेरे वास्तविक गुणों का बोध होता है। 'आ' वर्ण का प्रयोग करने से परिवर्तित स्वरूप रावणोक्ति का अर्थ ज्ञात होता है कि- हे जानकि! यह रावण अत्यन्त अकुशल होने के कारण अपने हित साधक आचरणों को नहीं करता है तथा सामने उपस्थित विपत्तियों से घिरे हुए इस रावण की सहायता कलत्र मित्रादि द्वारा कैसे हो सकती है? इसकी कार्य सम्पदा (कृति श्री) आरम्भ में ही प्रतिकारी है अर्थात् परिणाम में वह सुखद नहीं है।

उपर्युक्त विवरणों के आधार पर हम कह सकते हैं कि प्रहेलिका प्रबन्ध कार सीतारामशास्त्री ने तीन प्रहेलिका प्रकारों के चमत्कार से युक्त प्रहेलिका प्रबन्ध की रचना की है। प्रहेलिका पद्यों के चतुर्थ पाद में सीता प्रत्युक्ति विशिष्ट वर्णयोजनावती है। इस वर्ण योजना द्वारा आपाततः रावणोक्ति का प्रत्याख्यान एवं रावण का तिरस्कार मात्र बोधित होता है किन्तु प्रहेलिका विज्ञ सीता प्रत्युक्ति के

---

1. सीतारावणसंवादझरी- आचार्य रमेश चतुर्वेदी- पृष्ठ संख्या-150/80

विश्लेषण से वर्णलोप, वर्णस्थापन एवं वर्ण परिवर्तन विषयक निगूढ निर्देश के अनुसार वर्णलोपादि कर रावणोक्ति का पुनः विवेचन करते हैं तो राम प्रशंसात्मक तथा रावण निन्दात्मक सीता के अभिप्रेत अर्थ को पहचानकर आह्लाद विशेष का अनुभव करते हैं।

कविवर सीतारामशास्त्री ने अपनी अपूर्व, अद्भुत प्रखर मेधाशक्ति के अपूर्व अनुपम प्रहेलिका प्रबन्ध काव्य की रचना की है। समग्र काव्य अद्भुत चमत्कार वैचित्र्य से परिपूर्ण है। कवि की शब्द शय्या, अर्थ का गुम्फन, रस परिपाक तथा संवाद शैली विचित्रचित्रचातुरी से संश्लिष्ट है। समस्त श्लेषमय निगूढ अर्थ से सीता की ओजस्विता व तेजस्विता प्रकट होती है। अपनी वचनावलियों से वैदेही ने सर्वत्र रावण की गर्हणा की है।

स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत वाङ्मय में भी **'प्रहेलिका शतकम्'** इस संज्ञा से काव्य प्रणीत किए गए हैं। प्रथम **'प्रहेलिका शतकम्'** 1991 में **रामाशीष पाण्डेय** द्वारा लिखित है जिसका प्रकाशन 'प्रबोध संस्कृत प्रकाशन' हरम् हाउसिग कालोनी रॉची से हुआ है। द्वितीय **प्रहेलिका शतकम् 1963** में **'वैद्य स्वरूप शास्त्री'** द्वारा प्रणीत है जिसका प्रकाशन 'बाल संस्कृत प्रकाशन' आगरा रोड, घाटकोपर मुम्बई से हुआ है। इस प्रकार प्रहेलिका काव्य की परम्परा अक्षुण्णा बनी हुई है-

यद्यपि साहित्यदर्पणकार आदि अनेक आचार्यो ने नीरस होने के कारण प्रहेलिका में काव्यत्व नहीं स्वीकार किया है। किन्तु प्रहेलिका काव्यों की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है- यहाँ तक कि वेदों के मन्त्रों में भी प्रहेलिका का यत्र तत्र अवलोकन किया जा सकता है। अतः **'चमत्कारकारित्वं काव्यम्'** की दृष्टि से चमत्कार युक्त होने के कारण प्रहेलिका में काव्यत्व अवश्य स्वीकार्य है। लोक में भी प्रहेलिका (पहेली) से परस्पर लोगों में चमत्कारानुभूति होती है। वस्तुतः प्रहेलिका काव्य में हास्यरसमूलक अन्यान्य रसों का सन्निवेश किया जाता है इसलिए प्रहेलिका काव्य सर्वथा नीरस होत हैं- यह कथन युक्तिसंगत नहीं है। प्रस्तुत 'सीतारावणसंवादझरी' प्रहेलिकात्मक काव्य सहृदयजनों के लिए अत्यन्त आनन्दजनक और चमत्काराधायक है- अतः इसका काव्यत्व सहृदयजनों द्वारा समवेत रूप से स्वीकार किया गया है।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 15-16) ISSN : 0975-1769

नहि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते

-टोनी सिन्हा

शोधच्छात्रा, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्
जनकपुरी, नवदेहली

[रसेन विना कस्यचिदपि शब्दकदम्बस्य काव्यत्वं न संभवति। तत्रापि च नाट्यादिषु शास्त्रेषु अस्य वैशिष्ट्यं सर्वातिशयं वर्तते इति अवधार्य अनुसन्धात्र्या शोधलेखोऽयं प्रस्तुतः। -सं०]

सम्पूर्णेऽस्मिन् भूमण्डले यथा संस्कृतं वैशिष्ट्यं धरति तथैव वाङ्मये संस्कृतेऽस्मिन् ऐतिहासिक-सामाजिक-धार्मिकदृष्ट्यनुसारेण शास्त्रस्यास्य नाट्यशास्त्रस्य सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णं स्थानं नाऽत्र द्वन्द्वः। उक्तञ्च-

प्रणम्य शिरसा देवौ पितामहमहेश्वरौ।
नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मणा यदुदाहृतम्॥[1]

जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान्-रसानाथर्वणादपि॥[2]

नाट्यशास्त्रानुसारेण नाट्यशास्त्रस्य प्रवक्ता **"ब्रह्मा"** प्रयोक्ता च **"भरतः"** वर्त्तते। अस्मिन् शास्त्रे षड्त्रिंशद्-अध्यायाः श्लोकाः च षड्सहस्रपरिमिताः विद्यन्ते। कुत्रचिदध्यायानां संख्या सप्तपञ्चाशद् अपि प्राप्यते। शास्त्रमिदं छन्दोबद्धं छन्दश्च अनुष्टुप् इति। सकलप्रयोजनमौलिभूतं समनन्तरमेव रसास्वादनसमुद्भूतं विगलित-वेद्यान्तरम् आनन्दम् विद्यते[3] विश्वनाथः साहित्यदर्पणे रसस्वरूपं प्रतिपादयति यद् रसो ब्रह्मास्वादसहोदरः।

वेद्यान्तरस्पर्शशून्यो ब्रह्मास्वादसहोदरः।
स्वाकारवदभिन्नत्वेनायमास्वाद्यते रसः॥[4]

---

1. (नाट्यशास्त्रम् १.१)
2. (नाट्यशास्त्रम्, १.७)
3. (काव्य० १-२)
4. (सा०द० ३-२,३)

रसस्य आस्वाद्यत्वम् अनुभूतिविषयत्वं च मम्मटेन वर्ण्यते :-

'पानकरसन्यायेन चर्व्यमाणः, हृदयमिव प्रविशन्, अन्यत्सर्वमिव तिरोदधत्, ब्रह्मास्वादमिवानुभावयन्, अलौकिकचमत्कारकारी शृङ्गारादिको रसः।'[1]

तैत्तिरीयोपनिषदि 'रसो वै सः। रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति'[2]

इत्यत्र ब्रह्मणो रसरूपत्वं तदवाप्तौ च आनन्दोपलब्धिर्वर्ण्यते।

'रसः सर्वेषां भावानां मूलम्, यथा बीजं वृक्षपुष्पादेः।'[3]

नाट्यशास्त्रे भरतेन निर्दिश्यते– 'नहि रसाद् ऋते कश्चिदर्थः प्रवर्तते'।[4]

कथं रसनिष्पत्तिः इति जिज्ञासायां तेन उच्यते–

विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः।

अत्र विभावाः कारणानि, अनुभावाः कार्याणि, व्यभिचारिणश्च सहकारिणः, एषां संयोगाद् रसस्य निष्पत्तिः।

उक्तं च मम्मटेन–

कारणान्यथ कार्याणि सहकारीणि यानि च।
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः॥

विभावानुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थापिभावो रसः स्मृतः॥[5]

यत्र संयोगनिष्पत्तिशब्दयोः चाश्रित्य भेदचतुष्टयं दृश्यते। तत्र (१) भट्टलोल्लटेन **'उत्पत्तिवादः'** इति मीमांसादर्शनम् आश्रित्य। (२) शङ्कुकेन 'अनुमितिवादः' न्यायदर्शनमाश्रित्य। (३) भट्टनायकेन **'भुक्तिवादः'** सांख्यदर्शन-माश्रित्य। (४) अभिनवगुप्तेन च **'अभिव्यक्तिवादः'** वेदान्तदर्शनमाश्रित्य प्रतिपादितः।

१. भट्टलोल्लटस्य उत्पत्तिवादः–भट्टलोल्लटः मतानुसारं विभावानाम् अनुभावानां व्यभिचारिभावानां च संयोगेन रसस्य उत्पत्तिर्भवति। तत्र विभावैः ललनादिभिः आलम्बनोद्दीपनकारणैः रत्यादिरूपः स्थायिभावो जायते। अनुभावैः कटाक्षादिभिः कार्यैः प्रतीतियोग्यः क्रियते। व्यभिचारिभिर्निर्वेदादिभिः पोष्यते। स च

---

1. (काव्यप्र० उल्लास-४)
2. (तै० २-७)
3. (नाट्य० ६-३९)
4. (नाट्य० ६-३२)
5. (काव्य० ४-२७, २८)

रसो मुख्यतया अनुकार्ये रामादौ वर्तते। तद्रूपानुकरणात् नटेऽपि स रसः प्रतीयते। विभावैः सह स्थायिभावानाम् उत्पाद्य-उत्पादकभावः संबन्धः, तेन रसस्य निष्पत्तिः उत्पत्तिरित्यर्थः। रसो मुख्यतया अनुकार्ये रामादावेव भवति। नटे तु केवलं तद् रूपानुसंधानाद् रसप्रतीतिः। नटादीनां वेषभूषादिभिः दर्शकानां तथाविधं रसाप्लुतत्वं यथा नटेऽपि तेषां रामादिबुद्धिः। स च यद्यपि सम्प्रति न साक्षात् कर्तुं न शक्यते तथापि रामाद्यनुकारिणि नटे तस्यारोपः सम्भवतीति साक्षात्कारस्तस्य सुलभः। एवं रत्यादेरारोपादेव चमत्कारः सहृदयानाम्। अत एव च काव्ये तेषां प्रवृत्तिरिति बोध्यम्।

२. शङ्कुकस्य अनुमितिवादः– 'चित्रतुरगन्यायेन' यथा अवास्तविकेऽश्वे वास्तविकाश्वबुद्धिः, तथैव सामाजिकैः अभिनेतृषु रामादिबुद्धिम् आरोप्य अभिनयादि-कौशलहेतुत्वाद् रसानुभूतिः क्रियते। अत्र सामाजिकेषु विद्यमानया वासनया अनुमितिसाहाय्येन रसानुभूतिः। सामाजिकाः चित्रतुरगन्यायेन अभिनेतृषु अनुकार्यरामादि-रूपताग्रहणाद् रसानुभूतिम् अनुमाय स्ववासनया तत्र रसानुभूतिं कुर्वन्ति। अत्र सम्यग्-मिथ्या-संशय-सादृश्य-प्रतीतिभ्यो विलक्षणया 'चित्रतुरगन्यायेन' रामोऽयमिति प्रतिपत्त्या सामाजिकानां वासनया रसानुभूतिः। अत्र अनुमानेन रसानुभूतिर्जायते। अत्र संयोगाद् इत्यस्य गम्य-गमकभावसंबन्धाद् इत्यर्थः। रसनिष्पत्तिरित्यस्य च रसानुमितिरित्यर्थः। तन्मूला च रसानुभूतिः।

३. भट्टनायकस्य भुक्तिवादः– भट्टनायकः रसं नानुमेयं मन्यते, अपि तु भोज्यं मन्यते। संयोगस्याभिप्रायो भोज्यभोजकभावोऽस्ति, निष्पत्तेः तात्पर्यं च **'भुक्तिः'** वर्तते। रसानुभूतिप्रक्रियाया अवस्थात्रयम्–अभिधा, भावकत्वं भोजकत्वं च। तत्र अभिधया शब्दार्थेऽवगते भावकत्वव्यापारेण विभावादीनां साधारणीकरणं भवति। साधारणीकरणेन व्यक्तिवैशिष्ट्यादेः अभावो भवति, अतो विभावादेः निर्वैयक्तिकत्वं भवति। ततश्च भोजकत्वव्यापारेण रजस्तमसोः क्षये सत्त्वोद्रेकाद् रसो भुज्यते आस्वाद्यते इत्यर्थः। स च रसो ब्रह्मास्वादसहोदरः।

४. अभिनवगुप्तस्य अभिव्यक्तिवादः- अभिनवगुप्तः भट्टनायकाभिमतं भावकत्व-भोजकत्व-व्यापारद्वयं निषिध्य अभिव्यञ्जनावादं प्रतिष्ठापयति। स च **'रसनिष्पत्तिः'** इत्यस्य रसाभिव्यक्तिः इत्यर्थं स्वीकरोति। अभिनवगुप्तो भावकत्व-भोजकत्व-व्यापारद्वयम् अशास्त्रीयं मनुते। **'आस्वाद्यत्वाद् रसः'** इति भोजकत्वं रसस्वभाव एव। 'काव्यार्थान् भावयन्ति इति भावाः', एवं भावकत्वमपि भावानां वैशिष्ट्यमेव। अतो भावकत्व-भोजकत्व- व्यापारद्वयम् अग्राह्यम्। स रसं व्यङ्ग्यं मनुते। रसो व्यञ्जनया सहृदयं प्रभावयति। रसास्वादश्च सहृदयानामेव। अत्र संयोगशब्देन व्यङ्ग्य-व्यञ्जकसंबन्धो गृह्यते। स्थायिभावो व्यङ्ग्यः, विभावादयश्च व्यञ्जकाः। व्यञ्जनाया विभावनव्यापारेण विभावानां स्थायिभावानां च साधारणीकरणं

भवति। एवं रामाद्यनुकार्याणां भावा वैशिष्ट्यविरहिताः सन्तः सहृदयानां हृत्स्थ-वासनारूपभावान् उद्बोधयन्ति। तन्मतानुसारं 'नह्येतत् चित्तवृत्तिवासनाशून्यः कश्चित् प्राणी भवति'। वासनैषा सुप्तावस्थायां विद्यमाना अभिनयादिभिः काव्यार्थे प्रकाशिते जागर्ति। यथा मृद्गन्धो जलसेचनेन प्रादुर्भवति, तथैव वासनाया अपि उदयः।

साधारणीकरणेन सहृदयस्य वासना-संवादो भवति, सुषुप्तश्च स्थायिभावो निर्वैयक्तिकरूपेणाभिव्यक्तः सन् आनन्दास्वादं कारयति, एष एव रसास्वादः। अस्मिन् आस्वादे एव रसस्य स्थितिः। संविद्विश्रान्तिजन्य एष आनन्दः। अत्र चैतन्यं विश्रान्ति-स्थितौ संतिष्ठते। रसानुभूतिरियं सामान्यानुभूतिभिन्नत्वाद् उदात्तत्वात् सर्वजनवेद्यत्वाच्च अलौकिकी कथ्यते। अत्र संबन्धविशेषस्य परिहारः। रसोऽयं सहृदयसंवेद्यः। मतमिदं शैवाद्वैतवादम् आनन्दवादं वा आश्रित्य प्रवर्तते। तत्र चेतनायाः पूर्णविश्रान्तेः स्थितिः स्वीक्रियते।

अभिनवगुप्तस्य मतमिदं दर्शनमूलत्वात् मनोवैज्ञानिकचिन्तनपरत्वाद् यथार्थभावेन विश्लेषणाच्च अद्यत्वेऽपि सर्वैरेव काव्यतत्त्वज्ञैः गृह्यते स्वीक्रियते प्रशस्यते च।

'विभानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' तथैव जायते यथाहि नाना-व्यञ्जनौषधिद्रव्यसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः भवति। रसानां प्राधान्यं दृश्यते एव। रस इति कः पदार्थः। उच्यते आस्वाद्यत्वात् इति। यथा हि नानाव्यञ्जनसंस्कृतमन्नं भुञ्जाना रसानास्वादयन्ति हर्षादींश्चाधिगच्छन्तीति "सुमनसः" पुरुषा इत्यभिव्याख्याताः। तथा नानाभावाभिनयव्यञ्जितान् वागङ्गसत्त्वोपेतान् स्थायिभावानास्वादयन्ति हर्षादींश्चाधि-गच्छन्तीति प्रेक्षकाः। "सुमनस" इत्यभिव्याख्याताः। तस्मान्नाट्यरसाः।

यथा बहुद्रव्ययुतैर्व्यञ्जनैर्बहुभिर्युतम्।
आस्वादयन्ति भुञ्जाना भक्तं भक्तविदो जनाः॥

भावाभिनयसम्बद्धान् स्थायिभावांस्तथा बुधाः।
आस्वादयन्ति मनसा तस्मान्नाट्यरसाः स्मृताः॥

रसानां संख्याविषये "अष्टौ" इति प्रतिपादितं नाट्याचार्यैः भरतमुनिभिः-

शृङ्गार-हास्य-करुण-रौद्र-वीर-भयानकाः।
वीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥

वास्तविकमेतद्यदि जीवनं सरसं सरलम् उन्नतञ्च इच्छन्ति जनाः तदा शृङ्गारादि-रसानां ज्ञानम् अत्यन्तमावश्यकमन्यथा जीवनं कष्टतरं भवितुमर्हति।

तत्र शृङ्गारो नाम रतिस्थायिभावप्रभव-उज्ज्वलः वेषात्मकः। तथा च यत्किञ्चिल्लोके शुचि मध्यमुज्ज्वलं दर्शनीयं वा भवति तच्छृङ्गारेणोपमीयते।

यस्तावदुज्ज्वलवेषः स शृङ्गारवानित्युच्यते। तस्य द्वे अधिष्ठाने, सम्भोगो विप्रलम्भश्च। तत्र सम्भोगस्तावत् ऋतुमाल्य-अनुलेपन-अलङ्कार-इष्टजन-विषय-वरभवनोपभोग-उपवनानुभवन-श्रवण-दर्शन-क्रीडा-लीलादिभिर्विभावैरुत्पद्यते।

हास्यो हि स च विकृतपरवेषालङ्कार-धार्ष्ट्य-लौल्यकुहक-असत्प्रताप-व्यङ्गदर्शन-दोषादाहरणादिभिर्विभावैरुत्पद्यते। द्विविधश्चायम् आत्मस्थः परस्थश्च। यदा स्वयं हसति तदा आत्मस्थः। यदा तु परं हासयति तदा परस्थः।

करुणो रसस्यास्य विषये प्रतिपादितं यत् करुणो नाम शोकस्थायिप्रभवः। स च शापक्लेशविनिपतितेष्टजनविप्रयोग-विभवनाश-वध-बन्ध- विद्रव-उपघात-व्यसन-संयोगादिभिर्विभावैः समुपजायते।

रौद्रो नाम क्रोधस्थायिभावात्मको रक्षोदानवोद्धात्तमनुष्य- प्रकृतिः संग्रामहेतुकः।

वीरो नामोत्तमप्रकृतिरुत्साहात्मकः। स चासम्मोहाध्यवसायनय-विनय-बल-पराक्रम-शक्ति-प्रताप-प्रभावादिभिर्विभावैरुत्पद्यते।

भयानकोनामभयस्थायिभावात्मकः। स च विक्रतरव-सत्त्वदर्शन-शिवोलूकत्रासो-द्वेगशून्यागारारण्यगमन-स्वजनबधबन्धनदर्शनश्रुतिकथादिभिर्विभावैरुत्पद्यते।

वीभत्सो नाम जुगुप्सास्थायिभावात्मकः। स चाहृद्या प्रियाचोष्यानिष्टश्रवणदर्शनो-द्वेजनपरिकीर्तनादिभिर्विभावैरुत्पद्यते।

अथाद्भुतो नाम विस्मयस्थायिभावात्मकः। स च दिव्यजनदर्शन-ईप्सितमनोरथा-वाप्ति-उपवनदेव-कुलादिगमन-सभा-विमान-मायेन्द्र-जालसम्भावनादिभिर्विभा-वैरुत्पद्यते।

अत्र चरमरसस्य परिचर्चारूपेण शान्त इति रसः व्याख्यायितः—

अथ शान्तो नाम शामस्थायिभावात्मको मोक्षप्रवर्तकः। स तु तत्त्वज्ञानवैराग्याशय-शुद्धयादिभिर्विभावैः समुत्पद्यते। तस्य यमनियमाध्यात्म-ध्यान-धारणोपासन-सर्वभूतदया-लिङ्ग-ग्रहणादिभिरनुभावैरभिनयः प्रयोक्तव्यः। व्यभिचारिणश्चास्य निर्वेद-स्मृति-धृति-शौच-स्तम्भ-रोमाञ्चादयः। एवमेते रसा ज्ञेया नवलक्षणलक्षिताः। अनेन वयं नाट्यशास्त्रे विहितं रसज्ञानेन स्वजीवनम् उन्नतपथे प्रेरयितुं शक्नुमः। यतो हि भवन्तः जानन्ति एवाऽस्माकं जीवनं रसमयमेव विद्यते। तथा च एतेषां रसानां समयानुसारं प्रभावः भवति एव।

कुलीनानां हास-उपहासो वा, वाक्प्रयोगः, धैर्यस्यौचित्यम्, उचितसमये वीर-रसस्य प्रयोगः तस्योत्पत्तेः कारणविन्दवश्च, कीदृशवातावरणे न भयस्योत्पत्तिः शान्तिश्च, विस्मयाद्भुतस्य कारणानि उत्पत्तिश्च, इत्यादिकं ज्ञानं रसादेव जायते।

रसज्ञाः एव पण्डिताः साधकाः धर्मज्ञाः च भवितुमर्हन्ति। साधुजनाः एव जनकल्याणाय स्वजीवनमर्पयन्ति लोकाय। तेषां तपसा एव जगत्कल्याणम्। यतो हि संसारेऽस्मिन् बहवः मार्गाः सन्ति परन्तु चिन्तनमेतत् मम यत् सांसारिकाः सर्वेषां मार्गाणामाश्रयणं शान्तिप्राप्त्यर्थमेव कुर्वन्ति। यतो हि प्रत्येकं कार्ये जनानां चिन्तनमेवं भवति यत् वयम् अमुककार्यं कृत्वा स्वजीवने शान्तिमर्जिष्यामः। अत्रापि मोक्षप्रवर्तकः अर्थात् शान्तो नाम नवमो रसः नाट्यकारैः स्वीकृतः। प्रमाणमेतत् यत् जीवनस्य सारः शान्तिरेव वर्त्तते। अत एव मङ्गलाचरणानन्तरं पाठानन्तरं शान्तिपाठमाचरामः। अतः शान्तिरेव मोक्षः आनन्दश्च।

तर्हि शान्तिः कथं वा आयाति जीवने? तस्याश्च कानि कारणानि येषां प्रभावेण शान्तेरुत्पत्तिः भवति? तर्हि उपायो चाऽत्र उक्तः-यमनियमाध्यात्म-ध्यान-धारणोपासन-सर्वभूतदया-लिङ्गग्रहणादिभिः अनुभावैरभिनयः शान्तिः समुत्पद्यते।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

''इति शम्''

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 15-16) ISSN : 0975-1769

न्यायाभिमताख्यातेः समीक्षात्मकमध्ययनम्

यशवन्तकुमार त्रिवेदी
शोधच्छात्रः, जे.एन.यू.

[भारतीयदर्शनकाराः ख्यातिसिद्धान्तमादाय तलस्पर्शिविचारं कृतवन्तः। पञ्चख्यातयः प्रसिद्धाः भवन्ति, एतासु पञ्चख्यातिषु न्यायदर्शनाभिमतस्य अख्यातेः अत्र शोधपत्रे लेखकेन विमर्शः कृतः। -सं०]

'ख्य' प्रकथनेति धातुना "ख्याति" शब्दोऽयं निष्पन्नः, तदर्थस्तु निर्वचनं, प्रकथनमित्यादि। ऐतिहासिकदृष्ट्या न्यायमते सर्वप्रथमं वाचस्पतिमिश्रेण "दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानाम्" इति द्वितीयसूत्रव्याख्यानावसरे तात्पर्यटीकायां मिथ्याज्ञाननिरूपणे च मिथ्याज्ञानेतिपदस्य विपर्ययार्थकं कथितम्, उक्तञ्च "अन्यथाख्यातिं तु वृद्धाः।" "अतस्मिंस्तदिति प्रत्ययः।" यथाहुः अन्यथाख्यातिवादिनः "तस्माद्यन्यथा सन्तमन्यथा प्रतिपद्यते, तन्निरालम्बनं ज्ञानमसदालम्बनं च तत्।।" इति श्लोकवार्तिकस्थश्लोकं प्रमाणरूपेणोपस्थापिम्। अन्यथाख्यातिरर्थात् न यथा ख्यातिः अन्यथाख्यातिः अर्थात् अन्यस्य अन्य रूपेण प्रतिभासः। यथा शुक्त्यादेः अन्यरूपेण रजतादिरूपेण प्रतिभासः, शुक्तौ इदं रजतमिति प्रतीतिः भवति।

अस्याः ख्यातेः प्रमुखतया पञ्चरूपत्वं दृश्यते आत्मख्यातिः, असत्ख्यातिः, अख्यातिः, अन्यथाख्यातिः एवमनिर्वचनीयख्यातिरिति।[1] आत्मख्यात्यादेः चतसृणामपि ख्यातिनामन्यथाख्यातौ एवाऽन्तर्भावः कर्तुं शक्यते, यतोहि विज्ञानवादिनः वदन्ति यत् आत्मख्यातिरर्थात् आत्मनो बुद्धेः ज्ञानस्य च विषयरूपेण प्रतिभासः, अनुमानप्रयोगः भवति यत् "विमतं रजतं बुद्धिरूपं चक्षुसंप्रयोगमन्तरेणाऽपेक्षत्वात् बुद्धिसंमतत्वादिति। इदं रजतमिति ज्ञानमेव रजतरूपेण प्रतिभासते, अर्थात् ज्ञानमेव विषयरूपेण प्रतिभासते, अस्य तु सुतरामेव अन्यथाख्यातौरन्तर्भावः यतोहि अन्यस्य ज्ञानस्य अन्यरूपेण विषयरूपेण प्रतिभासमानत्वादेव अन्यथाख्यातित्वमायाति।

---

1. "आत्मख्यातिरसत्ख्यातिः अख्यातिख्यातिरन्यथा, तथाऽनिर्वनीयख्यातिरित्येतत्ख्यातिपंचकम्।" सर्वदर्शनसंग्रहः

माध्यमिकादिनां मते तु असदेव रजतादेः सत्त्वेन प्रतिभासाद् असत्ख्यातिः भवति, वस्तुतः अत्र रजतं तु असदस्ति तस्य सत्त्वेन ख्यापनादेव असद्ख्यातिः स्वीक्रियते, अत्राऽपि स्पष्टमेव अन्यथाख्यातित्वमायाति यतोहि असद् पदार्थस्य सत्त्वेन प्रतिभासमानत्वादसत्ख्यातेरपि अन्यथाख्यातौ एवान्तर्भावः।

वेदान्तिनां मते तु भ्रमेऽनिर्वचनीयख्यातिः, यथा अन्तःकरणं इन्द्रियप्रणालिकया चक्षुरादिद्वारा निर्गत्य विषयदेशं गत्वा विषयाकारेण परिणमते, सैव परिणमो वृत्तिः कथ्यते, तस्याञ्च वृत्तौ इदमावच्छिन्नं चैतन्यं वृत्यवच्छिन्नं चैतन्यं प्रतिबिम्बते,[1] ततः प्रत्यक्षमुपपद्यते, किन्तु पुरोवर्तिनि भ्रमविषयाभावात् तत्र कथं प्रत्यक्षत्वमुपपद्यते, अतः तैः अनिर्वचनीयरजतोत्पत्तिः स्वीक्रियते यत् काचकामलेन दूषितं यल्लोचनं विद्यते तस्य पूरोवर्तिशुक्तिसंयोगादिदमाकारा चाक्यचिक्याकारा च काचिदन्तःकरण-वृत्तिरूदेति, तस्यां वृत्तौ इदमावच्छिन्नं चैतन्यं प्रतिबिम्बते, ततः इदमावच्छिन्नं चैतन्यं प्रमातृचैतन्यं चाऽभिन्नं भवति, ततश्च प्रमातृचैतन्याभिन्न विषयचैतन्यनिष्ठा शुक्तित्वप्रकारिका या अविद्या चाक्यचिक्यादिसादृश्यसन्दर्शनसमुद्बोधितसंस्कारसध्रीचीना काचादिदोषसमवहिता रजतरूपार्थकारेण परिणमते,[2] एवमनिर्वचनीयरजतोत्पत्तिः स्वीक्रियते। एवं यदा तु अधिष्ठानसाक्षात्कारो भवति तदा तु नेदं रजतमित्यनेन अनिर्वचनीयरजतस्य निषेधः भवति। अत्राऽपि स्पष्टमेव अन्यथाख्यातित्वमायाति यतोहि अनिर्वचनीयख्याति इति शब्दतः अन्यथाख्यातित्वमायाति, ख्यातिरर्थात् निर्वचनियत्वं तदा तु अनिर्वचनीयस्य निर्वचनादेव अन्यथात्वमायाति। अपि च अध्यासविचारणाऽवसरे शाङ्करभाष्ये उक्तं यत् सर्वथैव अन्यस्य धर्मावभासतां न व्यभिचरति, अन्यस्य अन्यधर्मावभासैव अन्यथाख्याति विद्यते, अतः अनिर्वचनीय-ख्यातेरपि अन्यथाख्यातौ एवान्तर्भावः।

